रोहतक

रविवार, 1 जून, 2025

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 121
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00


**मौसम**
अधि. 42.4
न्यूून. 21.8


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**आईपीएल में आज**



पंजाब V/S मुंबई
समय : 7.30 PM
स्थान : अहमदाबाद






## खबर संक्षेप

### मिस वर्ल्ड 2025 बनीं थाइलैंड की सुचाता



**हैदराबाद।** थाइलैंड की ओपल सुचाता चुआंगश्री ने मिस वर्ल्ड 2025 का खिताब हासिल कर लिया। इस साल फिनाले हैदराबाद के हाईटेक्स एग्जीबिशन सेंटर में हुआ। मिस इथियोपिया को दूसरा, मिस पोलैंड को तीसरा और मिस मार्टिनिक को चौथा स्थान मिला। भारत की नंदिनी गुप्ता टॉप-20 तक पहुंची थीं, लेकिन वह टॉप-8 से बाहर हो गईं। एजेंसी

**'ऑपरेशन सिंदूर' पर टिप्पणी**

### गुरुग्राम से इन्फ्लुएंसर युवती पनोली गिरफ्तार



**गुरुग्राम/कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने के आरोप में एक 'इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर' को गिरफ्तार किया है। इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा (22) पनौली ने सांप्रदायिक टिप्पणियों के साथ वीडियो अपलोड किया गया, जिसमें दावा किया गया कि बॉलीवुड अभिनेता 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चुप थे। बोलते वक्त उसने धर्म विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। पनौली कोलकाता के आनंदपुर की निवासी है। भाषा

## उमस भरी गर्मी से राहत, हिसार में सबसे ज्यादा बरसात

# प्रदेश में आंधी-बारिश, दादरी में चलती गाड़ी पर पेड़ गिरा

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच शनिवार को दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट बदली और कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इससे लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली। वहीं, तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान चरखी दादरी में चलती गाड़ी पर पेड़ गिर गया। इसके अलावा कई मार्गों पर पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से बिजली और यातायात व्यवस्था ठप हो गई। इस कारण लोगों को जहां भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। शनिवार दोपहर बाद 10 जिलों में आंधी के साथ तेज बारिश हुई। इनमें अंबाला, सोनीपत, कैथल, चरखी-दादरी, हिसार, जींद, सिरसा, रेवाड़ी, फतेहाबाद और महेंद्रगढ़ शामिल हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, हिसार में 25 मिलीमीटर तक बारिश हुई है।

### कई जगह पेड़ और खंभे गिरे, बिजली और यातायात ठप



हिसार के हांसी में आधे घंटे की बारिश से सड़कें हुई लबालब

#### कार सवार बाल-बाल बचे

महेंद्रगढ़ में 6 मिलीमीटर, सिरसा में 4 मिलीमीटर, चरखी दादरी में 2.5 मिलीमीटर और नारनौल में 1.5 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके साथ ही दोपहर करीब साढ़े 3 बजे चरखी दादरी में तूफान के बीच बाढड़ा में चलती गाड़ी पर पेड़ गिर गया। जिसमें कार सवार लोग बाल-बाल बच गए। यहां बिजली के पोल भी टूट गए।

#### नौतपा की समाप्ति पर अच्छी बरसात के आसार

मौसम विभाग का कहना है कि नौतपा के पहले सात दिनों में तापमान 40.0 डिग्री से नीचे बना रहा है, जिस कारण धरती तपने की संभावनाओं पर इंद्रदेव ने पानी फेर दिया। अभी एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। नौतपा शुरू होने से पहले 24 मई की रात अच्छी बारिश हुई थी। अब नौतपा खत्म होने के दिन 2 जून को भी बारिश की संभावना जताई जा रही है।

#### देश में ये हाल

**अरुणाचल में 9 और असम में 8 की मौत**

**ईटानगर/गुवाहाटी।** अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश से कई जिलों में अचानक आई बाढ़ व भूस्खलन की घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गई। पूर्वी कामेंग जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 13 के बाना-सेप्पा खंड पर शुक्रवार देर रात भूस्खलन के कारण एक वाहन के सड़क से बह जाने से दो परिवारों के सात सदस्यों की मौत हो गई। वहीं, असम में लगातार बारिश के कारण भूस्खलन होने और बाढ़ के कारण आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 जिलों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है जिससे 78 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।

**सिक्किम में करीब 1,500 पर्यटक फंसे**

**गंगटोक।** सिक्किम में बारिश और भूस्खलन के कारण मुख्य मार्ग के बाधित हो जाने से उत्तर सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में करीब 1,500 पर्यटक फंस गए। वहीं तीस्ता नदी में वाहन के गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

*शाम 5 बजे शुरू हुई मॉक ड्रिल*
*8 बजे 15 मिनट ब्लैकआउट*

# हरियाणा समेत 6 राज्यों में जांची सुरक्षा की तैयारियां

**ऑपरेशन शील्ड:** सायरन बजते ही 30 सेकंड में पहुंची एम्बुलेंस-फायर ब्रिगेड

हरिभूमि टीम ▶▶|
हरियाणा/चंडीगढ़

ऑपरेशन शील्ड के तहत शनिवार को हरियाणा समेत 6 राज्यों में सुरक्षा की तैयारियों को जांचने के के लिए मॉक ड्रिल की गई। गुजरात, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और जम्मू कश्मीर में मॉक ड्रिल हुई। रात के 8 बजते ही सायरन की आवाज के साथ ब्लैकआउट किया गया। हवाई हमलों से बचाव और युद्ध होने की स्थिति में रेस्क्यू के लिए 'ऑपरेशन शील्ड' के तहत हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में शनिवार को 15 मिनट का ब्लैकआउट कराया गया। इसके लिए रात 8 बजे का टाइम रखा गया था। शाम 5 बजते ही सभी जिलों में सायरन बजना शुरू हो गए। लघु सचिवालय और अन्य जगहों पर ड्रोन अटैक और धमाके कराए गए। इसके बाद 30 सेकंड के अंदर एम्बुलेंस पहुंच गई। एसडीआरएफ, पुलिस समेत अन्य टीमों ने लोगों को एक-एक कर बिल्डिंग से बाहर निकाला। घायलों को एम्बुलेंस में अस्पताल पहुंचाया और बचाव अभियान चलाया।



**कुरुक्षेत्र, आंबला चरखीदादरी, करनाल में हुआ ब्लैकआउट**
■
**फरीदाबाद, झज्जर और नारनौल में मिला जुला असर**
■
**कैथल में दो और गुरुग्राम में पांच जगह की गई मॉक ड्रिल**

#### जींद में युवक की तबीयत बिगड़ी

जींद में मॉक ड्रिल के दौरान नेहरू केंद्र युवा से जुड़े युवक की तबीयत बिगड़ गई। जैसे ही उसे एम्बुलेंस में बैठाया गया तो उसे चक्कर आने लगे और ब्लड प्रेशर बढ़ गया। इसके बाद उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि युवक की हालत खतरे से बाहर है।

#### एयर स्ट्राइक की ड्रिल

इन राज्यों में पुलिस-प्रशासन ने एयर स्ट्राइक की ड्रिल की थी। इस दौरान घायलों को बचाना, उन्हें मेडिकल ऐड देना, आग लगने पर फायर ब्रिगेड के तुरंत रिस्पॉन्स देने सहित अन्य ड्रिल की गईं। मॉक ड्रिल के दौरान इमारत में आग लगने की घटना दिखाई गई। आग बुझाने फायर ब्रिगेड पहुंची। इमारत में फंसे लोगों को निकालने का अभ्यास किया गया।

**प्रख्यात वन्य संरक्षणवादियों में शुमार रहे**

# टाइगर मैन थापर का 73 साल की उम्र में निधन

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

देश के सबसे प्रख्यात वन्यजीव संरक्षणवादियों, लेखकों में से एक और भारत के 'टाइगर मैन' वाल्मीक थापर का शनिवार सुबह निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। नई दिल्ली में 1952 में जन्मे थापर ने अपना जीवन खासकर राजस्थान के रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में बाघों के अध्ययन और संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने 1988 में 'रणथंभौर फाउंडेशन' की सह-स्थापना की जो समुदाय-आधारित संरक्षण प्रयासों पर केंद्रित एक गैर-सरकारी संगठन है। थापर सशक्त एंटी-पोचिंग कानूनों और टाइगर लिविंग प्लेसेज के कंजर्वेशन के बड़े समर्थक थे। वे हमेशा चाहते थे कि बाघों के लिए ऐसे क्षेत्र सुरक्षित किए जाएं जहां मानव हस्तक्षेप न हो।



पूरा जीवन रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में बाघों के अध्ययन और संरक्षण को किया समर्पित

#### शशि कपूर की बेटी से की शादी

थापर ने दून स्कूल से पढ़ाई की। बाद में दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज से समाजशास्त्र में स्वर्ण पदक के साथ स्नातक किया। थापर ने अभिनेता शशि कपूर की बेटी संजना कपूर से शादी की। उनका एक बेटा है। मूल 'प्रोजेक्ट टाइगर टीम' के प्रमुख सदस्य फतेह सिंह राठौर वाल्मीक थापर के मार्गदर्शक थे।

#### 150 से अधिक सरकारी समितियों का हिस्सा रहे

थापर 150 से अधिक सरकारी समितियों और कार्य बलों का हिस्सा थे, जिनमें राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड भी शामिल है। इस बोर्ड का नेतृत्व प्रधानमंत्री करते हैं। थापर को 2005 में सरिस्का बाघ अभयारण्य से बाघों के गायब होने के बाद बाघ अभयारण्य के प्रबंधन की समीक्षा करने के लिए संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पूर्व सरकार द्वारा गठित बाघ कार्य बल का सदस्य नियुक्त किया गया था। जब पर्यावरणविद् सुनीता नारायण की अध्यक्षता वाले कार्यबल ने अपनी रिपोर्ट पूरी की तो थापर ने एक असहमति नोट प्रस्तुत किया था। उन्होंने चिंता व्यक्त की थी कि रिपोर्ट बाघों और मनुष्यों के सह-अस्तित्व के बारे में अत्यधिक आशावादी है। थापर ने तर्क दिया था कि बाघों के दीर्घ जीवन के लिए कुछ क्षेत्रों को मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त रखने की आवश्यकता है।

#### 30 से अधिक पुस्तकें लिखीं

थापर ने वन्यजीवों पर 30 से अधिक पुस्तकें लिखीं या संपादित कीं, जिनमें 'लैंड ऑफ द टाइगर: ए नेचुरल हिस्ट्री ऑफ द इंडियन सबकॉन्टिनेंट' (1997) और 'टाइगर फायर: 500 इयर्स ऑफ द टाइगर इन इंडिया' शामिल हैं। उन्होंने बीबीसी जैसे कई चैनल के लिए कई प्रसिद्ध फिल्म भी प्रस्तुत कीं और उनका सह-निर्माण किया। उनकी सबसे प्रसिद्ध कृतियों में से एक कृति छह-भाग की श्रृंखला 'लैंड ऑफ द टाइगर' (1997) है। वह 2024 में वृत्तचित्र 'माई टाइगर फैमिली' में दिखाई दिए थे।

घरेलू कलह के कारण की आत्महत्या

# कैथल में महिला ने दो शादीशुदा बेटियों संग जहर पीकर दी जान

**पूंडरी/कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** गांव बाकल में शनिवार सुबह एक मां ने अपनी दो शादीशुदा बेटियों के साथ जहर पीकर आत्महत्या कर ली। डीएसपी गुरविंदर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिए। मरने वालों में गुड्डी देवी(50) बेटी पूजा और निशा शामिल हैं। पूजा दो दिन पहले ही मायके आई थी। बताया जा रहा है कि गुड्डी के पति जसंवत की करीब 15 साल पहले मौत हो चुकी है। गुड्डी का बेटा नीरज 2 साल पहले डंकी के रास्ते अमेरिका गया था। मां ने अपनी एक एकड़ जमीन बेचकर उसे विदेश भेजा था। वह कैलिफोर्निया में है। पूजा की बंदराणा गांव में शादी हुई है। वह दो दिन पहले ही मां के पास आई थी, जबकि निशा का विवाह करनाल के रोडान गांव में हो रखा है। वह भी मायके आई हुई थी। सूत्रों के अनुसार बड़ी बेटी निशा का उसके पति के साथ विवाद चल रहा था। ऐसे में यह मामला घरेलू कलह का बताया जा रहा है।





छोटी बेटी पूजा दो दिन पहले ही आई थी मायके
■
बड़ी बेटी का पति से चल रहा था विवाद

#### गांव में पसरा मातम

पूजा की शादी दो माह पहले बंदराना गांव में हुई थी। बड़ी बेटी निशा का पति अमेरिका में रहता। उसका पति के साथ विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि यह बात छोटी बेटी के ससुराल भी पहुंच गई। इसके बाद वह 2 दिन पहले मायके आ गई। परेशान होकर तीनों मां-बेटियों ने जान दे दी। उधर, छोटी बेटी के पति ने अमेरिका में रह रहे अपने सादू के खिलाफ तीनों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। देर शाम महिला गुड्डी का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

#### हम जांच कर रहे : डीएसपी

डीएसपी गुरविंदर सिंह ने बताया कि जांच के लिए एफएसएल टीमों को बुलाया गया। प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

फतेहाबाद में चहेतों को दी फसल खराबे की मुआवजा राशि

# तहसीलदार, नायब तहसीलदार 5 कानूनगो व पटवारी पर केस

**फतेहाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** गांव बड़ोपल में 2021 में भारी बरसात के बाद जलभराव से खराब हुई फसलों के मुआवजा वितरण में बड़ा गोलमाल सामने आया है। अधिकारियों ने मिलीभगत कर अपने चहेतों के खातों में मुआवजा राशि ट्रांसफर कर सारा पैसा हजम कर लिया। सीएम फ्लाइंग ने इसकी जांच की तो इस घोटाले की पोल खुली। फतेहाबाद पुलिस ने तत्कालीन तहसीलदार, नायब तहसीलदार, 5 कानूनगो और एक पटवारी सहित 27 लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। यह केस सीएम फ्लाइंग हिसार के एसआई राजेश कुमार की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

#### ऐसे किया घोटाला

बड़ोपल के पटवारी व उसके निजी सहायकों ने कानूनगो, नायब तहसीलदार/तहसीलदार से मिलीभगत करके अपने चहेते किसानों व अन्य लोगों के बीमा क्लेम के फर्जी फार्म भरवाकर मुआवजा राशि दे दी। तहसील कार्यालय व सम्बंधित बैंकों में जाकर रिकार्ड की जांच की तो इस घोटाले का पर्दाफाश हुआ। फसल खराबा की क्षतिपूर्ति हेतु वर्ष 2022 में सरकार ने प्रभावित किसानों को मुआवजा वितरित करने के लिए 4 करोड़ 25 लाख की राशि तहसीलदार फतेहाबाद के खाते में डाली थी।

#### 4475 एकड़ में फसल खराब हुई

बड़ोपल में अत्याधिक वर्षा से जलभराव के कारण कुल 4475 एकड़ कृषि भूमि में फसल खराब हुई थी। इसमें से कुल 3696 एकड़ कृषि भूमि की 3 करोड़ 51 लाख 18 हजार 895 रुपये की मुआवजा राशि वर्ष 2022 में तहसीलदार फतेहाबाद द्वारा किसानों के बैंक खाते में ट्रांसफर की गई थी तथा 73 लाख 81 हजार 105 रुपये की राशि तहसीलदार ने वापस भेज दी थी। शिकायत के अनुसार फसल खराबा प्रभावित किसानों को

▶▶ शेष पेज 4 पर

## सीडीएस चौहान ने माना, पाक के साथ संघर्ष में विमान का नुकसान हुआ

*पाक पीएम का भारत के छह विमान गिराने वाला दावा खारिज*

# यह अहम नहीं कि कितने विमान गिरे लेकिन यह पता लगाना जरूरी क्यों गिरे

**सिंगापुर/नई दिल्ली (भाषा)।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष में विमान के नुकसान के बाद, भारत ने अपनी रणनीति में सुधार किया। 'ब्लूमबर्ग टीवी' को दिए साक्षात्कार में चौहान ने कहा कि प्रारंभिक नुकसान के कारणों का पता लगाने के बाद भारत ने अपने सभी लड़ाकू विमान उड़ाए और पाकिस्तान में सटीक हमले किए। सीडीएस की यह टिप्पणी पड़ोसी देश के साथ चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष में नुकसान के बारे में भारतीय सेना की पहली स्पष्ट स्वीकारोक्ति है। सीडीएस ने कहा, 'मुझे लगता है कि लड़ाकू विमान का गिरना महत्वपूर्ण बात नहीं है, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि वे क्यों गिरे।' हमने पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया।

#### हम अपनी सामरिक गलतियों को समझ पाए



जनरल चौहान ने कहा कि 'अच्छी बात यह है कि हम अपनी सामरिक गलतियों को समझ पाए, उन्हें सुधारा और दो दिन बाद फिर से लागू किया। हमने अपने सभी लड़ाकू विमानों को फिर से लंबी दूरी का लक्ष्य करके उड़ाया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान छह भारतीय विमानों को मार गिराने के पाकिस्तान के दावे के बारे में पूछे जाने पर जनरल चौहान ने कहा, 'यह पूरी तरह से गलत है।'

#### देश को सच बताए सरकार : कांग्रेस

कांग्रेस ने सरकार से कहा कि वह देश को सच-सच बताए कि पाकिस्तान के साथ चार दिन तक सैन्य टकराव में कितना नुकसान हुआ। क्या सैन्य टकराव के दौरान कोई विमान गिराया गया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, '1999 में तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने भारत के रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ के. सुब्रमण्यम, जिनके पुत्र अब हमारे विदेश मंत्री हैं, की अध्यक्षता में कारगिल समीक्षा समिति का गठन किया था। यह कारगिल युद्ध समाप्त होने के ठीक तीन दिन बाद की बात है।' क्या अब सीडीएस ने सिंगापुर में जो खुलासा किया है, उसके आलोक में मोदी सरकार भी वैसा ही कदम उठाएगी?




## खबर संक्षेप

### पलवल में विकास कार्यों की नहीं होगी कमी

**चंडीगढ़।** खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, कानून विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने स्वच्छ पलवल-सुंदर पलवल की परिकल्पना को साकार करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए पलवल शहर में सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद की ड्रेन का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले शहर के सभी नाले और नालियां साफ हो जाने चाहिए। संबंधित विभागों के अधिकारी शहर में लगातार स्वच्छता अभियान चलाकर सभी नाले व नालियों की अच्छी तरह से साफ सफाई करना सुनिश्चित करें।

### एमयूएन कान्फ्रेंस में कई मुद्दों पर मंथन

**पंचकूला।** मॉडल यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस का 8वां संस्करण और अखिल भारतीय भवन के एमयूएन कान्फ्रेंस का तीसरा संस्करण भवन विद्यालय सेक्टर 15 पंचकूला में संपन्न हुआ। तीन दिनों में भारत भर से लगभग 375 प्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर विचारोत्तेजक बहस और चर्चा में भाग लिया। यूएनएससी, डब्ल्यूएचओ, ईसीओएसओसी, सीओपी, यूनेस्को, यूएनएचआरसी, आईसीजे, सीओएस और लोकसभा सिमुलेशन सहित विभिन्न समितियों में अपनी भागीदारी के माध्यम से प्रतिनिधियों ने अपनी कूटनीति, नेतृत्व और आलोचनात्मक सोच कौशल को निखारा।

### श्याम करुणा फाउंडेशन ने लगाया भंडारा




**पंचकूला।** श्याम करुणा फाउंडेशन ने मानवता की सेवा के अपने निरंतर प्रयासों के अंतर्गत पंचकूला के औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 में 167वां अन्न भंडारा आयोजित किया। इस सेवा कार्य के माध्यम से सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को सम्मान पूर्वक भोजन प्रदान किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक एवं समाजसेवी अमिताभ रुंगटा ने इस अवसर पर कहा कि धर्म वही है जिसमें करुणा हो, और मानवता वही है जिसमें सेवा हो। यह अन्न भंडारा हमारे श्रद्धा और सेवा के समन्वय का प्रतीक है। रुंगटा ने फाउंडेशन के सभी सदस्यों और सेवकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि जिस समर्पण और निष्ठा के साथ सभी ने इस आयोजन में योगदान दिया।

### पिपली में 300वीं जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर दो एकड़ भूमि में बनेगा म्यूजियम

### मुख्यमंत्री ने मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया



कुरुक्षेत्र। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की चित्र पर पुष्प अर्पित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।



कुरुक्षेत्र। राज्यस्तरीय समारोह में पहुंचे लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे में हमें लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के पदचिन्हों पर चलना होगा और उनकी तरह न्याय देना होगा, विकास करना होगा और संस्कृति को सहेजना होगा। आज अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर हम सब मिलकर संकल्प लें कि हम समाज की सेवा करेंगे और बेटियों को शिक्षा और समान अधिकार देंगे।

■ पाल गडरिया समाज ने मुख्यमंत्री को पगड़ी, शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को पिपली स्थित अनाज मंडी में मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पाल गडरिया समाज की ओर से मुख्यमंत्री को पगड़ी, शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के नाम पर दो एकड़ भूमि पर एक म्यूजियम का निर्माण कराया जाएगा, ताकि युवा पीढ़ी उनके जीवन और कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त कर प्रेरित हो सके। उन्होंने यह भी घोषणा की कि पाल गडरिया समाज की सहमति से किसी एक गांव या शहर में मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के नाम से प्रवेश द्वार का निर्माण करवाया जाएगा।

### पाल गडरिया समाज धर्मशाला को 31 लाख देने की घोषणा

उन्होंने पाल गडरिया समाज धर्मशाला कुरुक्षेत्र को अपने स्वैच्छिक कोष से 31 लाख रुपये की राशि देने की भी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने कैबिनेट कृष्ण लाल पंवार, महीपाल ढांडा, रणबीर गंगावा, श्याम सिंह राणा, सांसद नवीन जिंदल और राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा की ओर से भी 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि संत-महात्मा, गुरु और महापुरुष न केवल हमारी अमूल्य धरोहर हैं, बल्कि हमारी प्रेरणा भी हैं। उनकी विरासत को संभालने व सहेजने की जिम्मेदारी हम सबकी है। इसलिए प्रदेश सरकार द्वारा संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना के तहत संतों व महापुरुषों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इस समारोह का आयोजन भी इस योजना के तहत किया गया है।

### ऑपरेशन सिंदूर में बेटियों की रही अहम भूमिका : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अहिल्याबाई का जीवन बताता है कि नारी में केवल कोमलता ही नहीं, संकल्प और नेतृत्व का तेज भी होता है। वे प्रेम और पराक्रम, दोनों की प्रतिमा थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश प्रगति के पथ तेजी से बढ़ रहा है।पहलगाम हमले की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा हमारी बहन-बेटियों के सामने उनके परिजनों पर योजनाबद्ध तरीके से हमला किया गया था। इस घटना के बाद प्रधानमंत्री ने ठान लिया था कि आतंकवादियों की बची-खुची जमीन को मिटाने का समय आ गया है। इसी सोच के तहत भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त करने का काम किया जिसमे हमारी बेटी व्योमिका सिंह और सोफिया कुरैशी की अहम भूमिका रही।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश में दस लाख से ज्यादा लोग करेंगे योग

**चंडीगढ़।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय समारोह 21 जून को कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, योग गुरु बाबा रामदेव और अन्य गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन भी होगा।

■ 21 जून को कुरुक्षेत्र में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम, मुख्यमंत्री व योगगुरु बाबा रामदेव लेंगे हिस्सा

इस कार्यक्रम में राज्य स्तर पर एक लाख से अधिक लोगों और हरियाणा भर में जिला और ब्लॉक स्तर पर 10 लाख से अधिक व्यक्तियों के भाग लेने की उम्मीद है। इसके अलावा, उसी दिन मुख्यमंत्री द्वारा श्री कृष्णा आयुष विष्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में एक मेडिटेशन सेंटर की आधारशिला रखी जाएगी। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में और आयुष विभाग की सक्रिय भागीदारी से, राज्य ने पहले ही महत्वपूर्ण कदम उठा लिए हैं तथा 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) को मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। आगामी समारोहों के लिए गति बनाने हेतु कई गतिविधियां पहले ही आयोजित की जा चुकी हैं।

## बाढ़ नियंत्रण को लेकर लगातार चल रहे विकास कार्य : चौधरी



■ वर्षा जल प्रबंधन को देखते हुए कृष्णावती नदी में भी चलाया जा रहा सफाई अभियान

**चंडीगढ़।** सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी प्रदेश में आगामी मानसून को लेकर व बाढ़ नियंत्रण को लेकर लगातार कार्य कर रही है। श्रुति चौधरी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा लगभग 18.55 करोड़ रुपये की लागत के कार्य जिला महेंद्रगढ़ में करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ के गांव खेड़ी, बसई, अकोड़ा, खेड़ा, खातोद, बवानिया में गंदे पानी के तालाबों का, जो कि बरसात के टाइम में ओवरफ्लो होकर पूरे गांव बस्ती में गन्दगी के साथ-साथ बड़ी बीमारियों का मुख्य कारण बनते हैं, उनकी निकासी का स्थाई प्रबंध किया जा रहा है। माननीय मंत्री के निर्देशों के फलस्वरूप जिले में तालाबों से गंदे पानी की निकासी और सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है जो कि जल्द ही पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही गांव खेड़ी, सतनाली, गडानिया, पाल, दुलोठ व गढ़ी में कच्चे और जड़वा व बवानिया में कच्चे और पक्के तालाब का काम भी चल रहा है ताकि मानसून के समय पानी को रिचार्ज करके भूजल लेवल में सुधार किया जा सके। इसके अतिरिक्त नारनौल में हमीदपुर बंध की रिपेयर और सौंदर्यकरण का काम चल रहा है।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में 16 हजार कृषि वैज्ञानिक किसानों को कर रहे जागरूक : चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

■ केंद्रीय कृषि मंत्री ने 6 प्रगतिशील किसानों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत शनिवार को स्थानीय आर्य पीजी कॉलेज सभागार में जिले के किसानों को, पशुपालकों को मत्सय से जुड़े लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अगर खेती ढंग से की जाए तो उससे किसान बड़ा लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसान की सेवा भगवान की सेवा है। किसान उनके रोम-रोम में बसते हैं। वे स्वयं खेती करते हैं व खेती की बारिकीयों को अच्छी तरह से समझते हैं। जय जवान-जय किसान के नारे पर उन्होंने कहा कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस नारे को विज्ञान के साथ जोड़ा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसमें और बढौतरी करते हुए इसे जय अनुसंधान के साथ जोड़ा। केन्द्रीय मंत्री ने 6 प्रगतिशील किसानों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

■ किसान की सेवा भगवान की सेवा : चौहान



पानीपत। प्रगतिशील किसान को सम्मानित करते केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान।

### भावान्तर योजना के लिए सरकार को सराहा

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित खेती व समृद्ध किसान जरूरी है। उन्होंने हरियाणा सरकार की भावान्तर योजना की प्रशंसा की व मुख्यमंत्री नायब सिंह को इसके लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेती को विकसित करने के साथ किसानों को खेती के प्रति जागरूक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। 16 हजार कृषि वैज्ञानिक विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को इस बात के लिए जागरूक कर रहे हैं कि उन्हें किस तरह की खेती करनी चाहिए व किस तरह की खेती से उन्हें फायदा होगा।

## मेवात से जासूस गिरफ्तार, कई यूट्यूबर्स के संपर्क में था

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जासूसी के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कासिम के रूप में हुई है, जिसे मेवात से पकड़ा गया है। कासिम पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने का आरोप है।



पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि कासिम दो बार पाकिस्तान जा चुका है, जहां उसे बाकायदा ट्रेनिंग दी गई थी। वह भारत में रहकर सेना से जुड़ी संवेदनशील और खुफिया जानकारी आईएसआई को भेज रहा था। कासिम पाकिस्तान के कुछ यूट्यूबर्स के भी संपर्क में था। वह भरतपुर में तांत्रिक विद्या का काम भी करता था, जिससे उसके संपर्कों का दायरा बड़ा हो गया था। कासिम का भाई भी आईएसआई एजेंट था, जो फिलहाल फरार है। इस पूरे मामले को लेकर उचित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है और कासिम को गिरफ्तार किया गया है, जिसे पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### दो बार गया था पाक

पुलिस के मुताबिक राजस्थान के भरतपुर निवासी कासिम दो बार पाकिस्तान गया था और कुल तीन महीने तक पाकिस्तान में रुका था। पहली बार अगस्त 2024 में और दूसरी बार मार्च 2025 में। दोनों बार वह करीब 90 दिनों तक पाकिस्तान में रहा। कासिम ने पाकिस्तान में जासूसी की ट्रेनिंग ली थी। उसे एक महीने तक आईएसआई के हैंडलर्स और बड़े अफसरों ने कासिम को ट्रेंड किया था। कासिम मौलवी है और उसके लिंक्स जयपुर से भी जुड़े है।

## आयोग की हेल्पलाइन पर शिकायतें नहीं, सुझाव मिले : चौहान

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य भूपेंद्र चौहान ने हाल ही में प्रकाशित उस समाचार का खंडन किया है जिसमें यह दावा किया गया था कि आयोग की हेल्पलाइन पर 48 घंटे के भीतर 4000 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। चौहान ने स्पष्ट किया कि आयोग द्वारा प्रारंभ की गई हेल्पलाइन शिकायतें दर्ज करने के लिए नहीं, बल्कि फॉर्म भरने के दौरान उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों और तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव एवं सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसका उद्देश्य अभ्यर्थियों को सुविधा प्रदान करना है ताकि वे ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को बिना किसी असुविधा के पूर्ण कर सकें।

स्वच्छ पुण्डरी स्वच्छ हरियाणा

**MUNICIPAL COMMITTEE, PUNDRI**
OPP. C.I.S.K.M.V. COLLEGE, MAIN ROAD, PUNDRI-136026
E-mail:- secretarymcpundri01@gmail.com, Ph. 01746-270273

**जमीन किराए पर लेने बारे सूचना**

"सर्व जन साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका पूण्डरी अधिकतम 02 एकड भूमि ठोस कूडा प्रबंधन हेतू किराए पर लेना चाहती है। नगरपालिका सीमा क्षेत्र का जो भी आम व्यक्ति अपनी जमीन को किराए पर देने के इच्छुक हो वह नगरपालिका पूण्डरी कार्यालय में आकर सम्पर्क कर सकता है। नगरपालिका सीमा क्षेत्र से 05 कि०मी० की अधिकतम दूरी तक ही नगरपालिका पूण्डरी इस जमीन को किराए पर ले सकती है। इच्छुक व्यक्ति जमीन से संबंधित सभी दस्तवेज नगरपालिका कार्यालय में दिनांक 03.06.2025 सांय 5:00 बजे तक सचिव नगरपालिका पूण्डरी के नाम पत्र लिखकर निम्नलिखित सभी दस्तावेज कार्यालय में जमा करवा सकता है।

| क्रम सं. | जमीन से संबंधित दस्तावेज |
|---|---|
| 1. | बैंक खाते की पासबुक की कॉपी |
| 2. | नक्श अवश सिजरा नम्बरान किला |
| 3. | नकल जमाबंदी पर मय मुतलक ईन्तकालात |
| 4. | नगरपालिका से दूरी |
| 5. | सड़क के साथ लगते नम्बरान किला का नक्शा अक्श |

उक्त रक्बा पर किसी भी माननीय न्यायालय का बन्दी आदेश कुर्की आदेश व रक्या बहरन आदि ना हो।"

हस्त/-सचिव
नगरपलिका पूण्डरी।

## गुरुग्राम होगा प्लास्टिक मुक्त, पायलट प्रोजेक्ट जल्द

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम को प्लास्टिक मुक्त मॉडल शहर के रूप में विकसित करने के लिए जल्द ही विभिन्न क्षेत्रों को चिन्हित कर पायलट प्रोजेक्ट के तहत आवश्यक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा के पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह इस अभियान को लेकर अत्यंत गंभीर हैं और विभिन्न मंचों से आमजन को पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण ने शनिवार गुरुग्राम में उक्त अभियान के तहत जिला में की जा रही तैयारियों की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की।शरण ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस प्रोजेक्ट को केवल एक सरकारी कार्यक्रम के रूप में नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन की भावना के साथ आगे बढ़ाए। उन्होंने कहा कि यदि हम नागरिकों को सहभागी बनाएं, तो यह अभियान अपेक्षित समय-सीमा में सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सकता है।

## देशवासियों को सेना के पराक्रम पर गर्व : सैलजा



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में पूरा देश और विपक्ष एक साथ सरकार के साथ खड़ा हुआ है, देश को सेना के पराक्रम पर गर्व है, सेना ने कई बार पराक्रम दिखाकर देश को गौरवान्वित किया है। पर सत्ता पक्ष को इस विषय पर राजनीति करने से बचना चाहिए। भाजपा के ही नेता यहां पर कि सांसद और मंत्री पर गलत बयानबाजी कर रहे है जो दुखद है, उनके माफी मांगने से काम नहीं चलते वाला है भाजपा को उन पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। सांसद सैलजा यहां अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। कांग्रेस के संगठन को लेकर पूछे गए सवाल पर कुमारी सैलजा ने कहा कि संगठन से कार्यकर्ताओं को पहचान मिलती है पर पिछले एक दशक से अधिक समय से हरियाणा में संगठन नहीं बन सका। फिर भी कार्यकर्ता बिना संगठन के लिए दिन रात पार्टी के लिए काम कर रहा है।

# कांग्रेस के संगठन में जान फूंकने की तैयारी, राहुल चार को चंडीगढ़ पहुंचेंगे, वरिष्ठ नेताओं के साथ करेंगे बैठक

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

आखिरकार हरियाणा कांग्रेस में प्राण फूंकने और गुटबाजी को समाप्त करने, संगठन विस्तार, नेता विपक्ष के चुनाव जैसे विषयों को लेकर विचार मंथन करने खुद राहुल गांधी चंडीगढ़ आ रहे हैं, उनका यह कार्यक्रम चार जून के लिए बना है। राहुल गांधी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का कार्यक्रम पहले से ही चार जून को तय है, जबकि सोशल मीडिया में उनके एक जून को आने की खबरें चला दी गईं। राहुल की हरियाणा में एंट्री को लेकर पुराने कांग्रेस के शुभचिंतक व संगठन से जुड़े पुराने लोग खुश हैं, उन्हें उम्मीद है कि प्रदेश में एक दशक से बिखरा पड़ा संगठन नए सिरे से बनेगा साथ ही पार्टी को मजबूती मिलेगी। इसके अलावा प्रदेश के अंदर नेता विपक्ष का नाम अभी तक भी तय नहीं है, इसलिए राहुल गांधी के आगमन पर माना जा रहा है कि यह विषय भी बैठक के दौरान अहम रहेगा। हालांकि प्रभारी और वरिष्ठ नेता दिल्ली में कईं बार इस पर चिंतन मंथन कर चुके हैं।

■ गुटबाजी खत्म करने व नेता विपक्ष के चुनाव को लेकर करेंगे चर्चा

### पार्टी कमेटी के पर्यवेक्षकों की बैठक होगी



विधायक और वरिष्ठ नेता आफताब अहमद ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पर्यवेक्षकों की अहम बैठक होगी। राहुल गांधी हरियाणा के तमाम कांग्रेस वरिष्ठ नेताओं से वार्ता करेंगे और इस दौरा न संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ अन्य विषय पर बात होगी। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पर्यवेक्षक, प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी नेता, सांसद, विधायक और प्रदेश पदाधिकारी रहेंगे। कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी के दौरे को लेकर ज्यादा उत्साहित हैं।

पहले अहमदाबाद की कांफ्रेंस के बाद में फैसला हो जाने की उम्मीद थी लेकिन नहीं हो सका था। इसके अलावा भी कईं मौकों पर नेता विपक्ष को लेकर चर्चा चली लेकिन हल नहीं निकला। नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के कार्यक्रम को लेकर प्रदेश कांग्रेस के नेता तैयारी में जुटे हुए हैं। चार जून को चंडीगढ़ में कांग्रेस की बड़ी बैठक होगी यह भी तय है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक आफताब अहमद ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने साफ कर दिया है कि चार जून को राहुल गांधी का चंडीगढ़ आएंगे। उन्होंने पूछे जाने पर बताया कि एक जून को नहीं बल्कि चार जून का ही कार्यक्रम तय था।

### लोगों की आवाज उठाएंगे

कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं को बड़ी बेसब्री से अपने संगठन को लेकर इंतजार हो रहा है, जिसको लेकर संगठन वजूद में आ जाने की उम्मीद है। कांग्रेस का संगठन नहीं होने और नेता विपक्ष नहीं होने की बात बार बार उठती रही है। इतना ही नहीं अलग-अलग गुट व धड़े इसके लिए एक दूसरे को जिम्मेदार भी ठहरा रहे हैं। जनता से जुड़े मुद्दों और बेरोजगारी, सरकार की घोषणाएं, जिन्हें पूरा नहीं किया जा रहा है। सभी मामलों को सही तरीके से उठाने का काम होगा। वैसे, राज्य में भाजपा की हैट्रिक लगने के बाद से लगभग आठ माह का वक्त निकल गया लेकिन नेता विपक्ष का चुनाव नहीं हो सका है। नेता विपक्ष नहीं होने के कारण जहां कांग्रेस के विधायकों को हरियाणा विधानसभा के हर सत्र में दिक्कत पेश आ रही है। वहीं, दूसरी ओर सत्ता पक्ष भाजपा को भी कईं मौकों पर नेता विपक्ष की कमी खली। हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तौगी ने जल्द से जल्द नेता विपक्ष चुनने की अपील की थी। राज्य में सूचना आयुक्तों और विभिन्न विश्वविद्यालयों में नियुक्ति को लेकर भी नेता विपक्ष की अहम भूमिका होती है।

**SBFC एसबीएफसी फाइनैंस लिमिटेड** | पंजीकृत कार्यालय :- यूनिट नं. 103, प्रथम तल, सी एंड बी स्क्वेयर, संगम कॉम्पलैक्स, गांव चकाला, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059

**कब्जा सूचना** (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 (2) के अनुरूप)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एसबीएफसी फाइनैंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित कर्जदारों / सह-कर्जदारों को डिमांड नोटिस जारी किये जिनमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए कहा गया। कर्जदार / सहकर्जदारों द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर कर्जदार / सह-कर्जदारों को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार/सह-कर्जदारों को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग **एसबीएफसी फाइनैंस लिमिटेड** की वसूली के अधीन होगी।

| कर्जदारों का नाम और पता एवं डिमांड नोटिस की तिथि और ऋण अकाउंट नं. | सम्पत्ति (यों) का वर्णन और कब्जे की तिथि | कब्जा सूचना में मांगी गई राशि (रु.) |
|---|---|---|
| 1. बी एंड आर मिनरल वाटर इंडस्ट्रीयल, ढांड, कैथल, हरियाणा-136020. 2. प्रदीप कसाना, वशिष्ट कॉलोनी, निकट भगत सिंह पार्क, मोहन नगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, हरियाणा-136118., 3. रीटा देवी, 507, ढांड, कैथल, हरियाणा-136020. **डिमांड नोटिस तिथि : 05 अक्तूबर 2024** **ऋण अकाउंट नं. : '4021060000152963 (PR01094771)** | जेएसआर ढाण्ड के कार्यालय में पंजीकृत वसीका नं. 1046/1 दिनांक 06.06.2022 वाली रिलीज डीड में वर्णित और पूर्णतया विस्तृत गांव ढाण्ड, सब तहसील ढाण्ड, जिला कैथल में स्थित वर्ष 2020-21 हेतु जमाबंदी के तहत खेवट नं. 31 में निहित कुल भूमि माप 01 कनाल 12 मरला में से 9.33/32 हिस्सा जो भूमि माप 09.33 मरला/सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। **कब्जे की तिथि : 27.05.2025** | रु. **20,49,841/-** (रुपये बीस लाख उनचास हजार आठ सौ इकतालीस केवल) 03 अक्तूबर 2024 के अनुसार |
| **1. मै. विश्वकर्मा एंटरप्राइजेज, 2. श्री अमनदीप सिंह, 3. श्री दर्शन कुमार, 4. श्री बलविन्दर कौर।** जिनका पता : मानका रोड, मुस्तफाबाद, जगाधरी, यमुनानगर 133103. कोलैटरल पता भी : खेवट नं. 829, खतौनी नं. 1033, खसरा नं. 14/25, 15/21, 20/1/1, 21/4/1, 5/1, वाका मौजा, सरस्वती नगर, उपतहसील-सरस्वती नगर, तहसील-जगाधरी, जिला यमुनानगर, निकट महादेव राईस मिल, हरियाणा-133103. **डिमांड नोटिस तिथि : 12 मार्च 2025** **ऋण अकाउंट नं. : '4021060000209290 (PR01190482)** | खेवट नं. 829, खतौनी नं. 1033, खसरा नं. 14/25, 15/21, 20/1/1, 21/4/1, 5/1, वाका मौजा, सरस्वती नगर, उपतहसील-सरस्वती नगर, तहसील-जगाधरी, जिला यमुनानगर, निकट महादेव राईस मिल, हरियाणा-133103 में सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - पूर्व : 17 फीट / गली 22 फीट चौड़ी, पश्चिम : 17 फीट / अन्य सम्पत्ति, उत्तर : 54 फीट / प्लॉट नं. 35, दक्षिण : 54 फीट / प्लॉट नं. 34 **कब्जे की तिथि : 27.05.2025** | रु. **3521835/-** (रुपये पैंतीस लाख इक्कीस हजार आठ सौ पैंतीस केवल) 15 फरवरी 2025 के अनुसार |

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 01.06.2025 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, एसबीएफसी फाइनैंस लिमिटेड


Reliance
Growth is Life
Jio Mart
समय और पैसे दोनों बचाएं
Quick
Quick
Scheduled
Biscuits, Drink & Packaged Foods
Ice Cream & Frozen
Chips & Namkeens
Biscuits & Cookies
Quick फ्री होम डिलीवरी
लो प्राइस गारंटी
0
ज़ीरो एक्स्ट्रा चार्जेज़
फ्लैट ₹ 100 की छूट*
आपके पहले JioMart ऑर्डर पर
न्यूनतम ₹399 की खरीदारी पर
1 जून से 2 जून तक वैध
कूपन कोड का उपयोग करें
JMNEW100
अभी JioMart पर शॉपिंग करें
प्याज 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 30
जियोमार्ट कीमत ₹ 24
तरबूज किरन 1 युनिट
बाजार मूल्य ₹ 50
जियोमार्ट कीमत ₹ 35
लंगड़ा आम 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 100
जियोमार्ट कीमत ₹ 49
क्वालिटी वॉल्स पार्टी पैक 700 ml (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 140 या उससे अधिक
फ्लैट 50% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 70 या उससे अधिक
अमूल A+ / ब्रिटानिया / डिलेक्टा / गो चीज़ स्लाइस 400 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 350 या उससे अधिक
जियोमार्ट कीमत ₹199
बचाइए ₹ 151 या उससे अधिक
बिस्किट्स 60 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 35 या उससे अधिक
फ्लैट 50% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 17 या उससे अधिक
टाटा टी प्रीमियम चाय पत्ती 1 kg
एमआरपी ₹ 580 या उससे अधिक
बचाइए ₹180
जियोमार्ट कीमत ₹ 400 या उससे अधिक
कोल्ड ड्रिंक्स 750 ml / ज्यूसेस 600 ml (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 40 या उससे अधिक
फ्लैट 25% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 30 या उससे अधिक
नेचर फ्रेश रिफाइन्ड सोयाबीन तेल 840 g / फॉर्च्यून प्रीमियम कच्ची घानी सरसों का तेल 1 L
एमआरपी ₹ 180 / ₹ 195
जियोमार्ट कीमत ₹127/ ₹161
बचाइए ₹ 53 / ₹ 34
मिल्कफूड रिच देसी घी 900 ml
एमआरपी ₹ 630
जियोमार्ट कीमत ₹529
बचाइए ₹ 101
आशीर्वाद शुद्ध चक्की आटा 10 kg
एमआरपी ₹ 495
जियोमार्ट कीमत ₹441
बचाइए ₹ 54
कोलगेट / क्लोजअप / सेंसोडाइन / डाबर रेड टूथपेस्ट 200 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 212 या उससे अधिक
न्यूनतम 33% छूट
लक्स / पियर्स / सिंथॉल / फियामा साबुन 500 g या उससे अधिक (मल्टी पैक) (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 313 या उससे अधिक
न्यूनतम 33% छूट
एरियल / सर्फ एक्सेल / रिन मैटिक लिक्विड डिटर्जेंट 2 L या उससे अधिक / सर्फ एक्सेल ईजी वॉश डिटर्जेन्ट पाउडर 7 kg (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 271 या उससे अधिक
फ्लैट 40% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 162 या उससे अधिक
होम वन क्लासिक असॉर्टेड कंटेनर सेट (4 / 9 युनिट)
एमआरपी ₹ 99 या उससे अधिक
जियोमार्ट कीमत ₹ 49 या उससे अधिक
नियम तथा शर्तें लागू। ऑफर स्टॉक खत्म होने तक वैध। सभी ऑफर्स को सूचना दिए बिना बदला जा सकता है। प्रोडक्ट्स की दिखाई गई तस्वीरें / फोटोग्राफ्स केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं। सभी प्रोडक्ट्स की एमआरपी में सभी टैक्स शामिल हैं। छूट प्रतिशत को ऑफर मूल्य के लगभग प्रतिशत तक राउंड ऑफ किया गया है। चीज़ ऑफर 1 जून तक वैध है, बाकी सभी ऑफर्स 2 जून 2025 तक चुनिंदा पिन कोड्स में वैध हैं। तेल, घी और बेबी फूड पर कूपन ऑफर लागू नहीं है। कूपन ऑफर को किसी अन्य ऑफर के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है। सभी विवाद केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

**खबर संक्षेप**

## दुर्गा शक्ति की टीम ने महिला-बच्चों को घर छोड़ा

**फरीदाबाद।** सेफ सिटी अभियान के अंतर्गत पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार कार्रवाई करते हुए दुर्गा शक्ति एनआईटी-3 की टीम ने रात्रि के समय एक महिला व उसके दो बच्चो को उनके गंतव्य स्थान पर पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। रात समय करीब 11.40 बजे दुर्गा शक्ति की ईआरवी टीम गस्त पर थी। गस्त के दौरान बीके चौक के पास एक महिला अपने 2 बच्चों सहित मिली। जिन्होंने बताया कि वह पल्ला फरीदाबाद कि रहने वाली है तथा उन्हें घर जाने के लिए ऑटो नहीं मिल रहा और ऑटो का इंतजार कर रही है। दुर्गा शक्ति नम्बर 3 की टीम ने महिला को उसके बच्चो सहित सरकारी गाडी से उनके घर तक छोड़ा गया।

## आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर 1.67 लाख लूटे

**डबवाली।** शहर के चौटाला रोड पर डीएवी स्कूल के सामने तीन बदमाशों ने किसान की आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर 1.67 लाख रुपए लूट लिए। सीसीटीवी फुटेज में तीन संदिग्ध नजर आ रहे हैं। पुलिस को दी शिकायत में गांव डबवाली के हाकम सिंह ने बताया कि वह अपने ट्रैक्टर से जसनिंद्र सिंह के खेत में सिंचाई करने जा रहा था। इस दौरान कबीर बस्ती के सामने एक कार ने उसके ट्रैक्टर के टायर को टक्कर मार दी। बदमाश उनके कुर्ते की जेब से एक चैक, पासबुक और 1.67 लाख रुपए नकद छीनकर फरार हो गए।

## खैर की लकड़ी की तस्करी कर रहे युवक को वन विभाग की टीम ने पकड़ा

**यमुनानगर।** चिकन जंगल से खैर की लकड़ी काट कर स्कॉर्पियो कार में भरकर बेचने जा रहे आरोपी खैर तस्कर को वन विभाग की टीम ने खारवन गांव के पास पकड़ लिया। कार से 50 पीस खैर की लकड़ी के बरामद किए गए। सदर जगाधरी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार वन विभाग छछरौली रेंज के डारपुर ब्लॉक के वन रक्षक हिसार के कुंभा गांव निवासी छबील दास ने बताया कि वह तड़के अपने साथी कर्मचारी मेवात के हाजीपुर गांव निवासी मोबिन खान के साथ सरकारी गाड़ी में गश्त पर थे। गश्त करते हुए वह दोनों गांव बक्करवाला की तरफ जा रहे थे। सुबह करीब सात बजे उन्हें सूचना मिली थी कि स्कॉर्पियो कार में कुछ तस्कर खैर की लकड़ी लेकर दादूपुर खारवन की तरफ रवाना हुए है। वन रक्षक इंचार्ज संजीव कुमार को नाकाबंदी कर काबू कर लिया।

### जींद में संवेदनशील बैंक खाते में राशि ट्रांसफर का मामला

# एनआईए ने जिम संचालक के आवास पर मारा छापा, दिल्ली साथ ले गई टीम

## 6.30 घंटे तक की गहनता से पूछताछ

- पूछताछ के दौरान किसी को मकान के अंदर तथा बाहर नही जाने दिया।
- परिजनों को रविवार को एनआईए हेडक्वार्टर दिल्ली पहुंचने का नोटिस
- दुबई में कपड़ों के इंपोर्ट एक्सपोर्ट का काम करता है कारोबारी



**जींद।** कशिश कोचर से पूछताछ करते हुए टीम।



घर के बाहर खड़ी पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

एनआईए की टीम ने शनिवार को संदिग्ध ट्रांजेक्शन को लेकर जिम संचालक के सेक्टर आठ स्थित आवास पर छापेमारी की। टीम ने लगभग साढ़े छह घंटे तक जिम संचालक तथा उसके परिजनों से पूछताछ की। जिसके बाद जिम संचालक को नोटिस देकर दिल्ली पहुंचने के लिए कहा। जिस पर जिम संचालक अपनी गाड़ी से टीम के साथ चला गया। जबकि परिजनों को वकील के रविवार को एनआईए हेडक्वाटर दिल्ली आने को कहा है। एनआईए की टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ शनिवार सुबह लगभग पौने पांच बजे जिम संचालक कशिश कोचर के आवास पर दस्तक दी। इससे पूर्व टीम ने सुबह कशिश के पुराने मकान पंजाबी बाजार में दस्तक दी थी। एनआईए टीम मकान के अंदर चली गई। जबकि पुलिसबल बाहर तैनात रहा। पूछताछ के दौरान किसी को मकान के अंदर तथा बाहर नही जाने दिया। टीम ने मोबाइल फोन कॉल, बैंक खाते की डिटेल को खंगाला। हालांकि टीम से मामले की जानकारी जुटाने की कोशिश की तो उन्होंने कोई जवाब नही दिया। टीम लगभग 11 बजे तक कशिश के आवास पर रही। जिसके बाद टीम ने कशिश को नोटिस जारी कर दिल्ली हैडक्वार्टर पहुंचने के लिए कहा। जब अन्य परिजनों को वकील के साथ रविवार को हैडक्वार्टर पहुंचने का नोटिस जारी किया। कशिश नोटिस के मिलने के साथ अपनी गाडी से एनआईए टीम के साथ दिल्ली के लिए रवाना हो गया। छानबीन के दौरान सामने आया कि कशिश दिल्ली तथा दुबई में कपड़े के एक्सपोर्ट का कार्य करता था। लगभग एक साल पहले कशिश ने दुबई को छोड़ दिया और जींद में जिम चलाने लगा। अप्रैल 2024 महीने में कशिश के खाते से सात तथा नौ हजार रुपये की दो ट्रांजेक्शन एक संदिग्ध के खाते मे की गई थी। जिस संदिग्ध के खाते में रुपये की ट्रांजेक्शन की गई, वह एनआईए की राडार पर था। जब एनआईए ने उस संदिग्ध की कुंडली खंगाली तो जबकि दो ट्रांजेक्शन कशिश के खाते की मिली। जबकि कशिश का कहना था कि कपड़ा एक्सपोर्ट के दौरान के दुबई के एक जानकार ने खाता नंबर देकर उस खाते में राशि डालवाने के लिए कहा था। जिस पर उसने उस खाते में राशि का डलवा दिया। जिस व्यक्ति के खाते में राशि गई वह उस व्यक्ति को नही जानता। न ही उस व्यक्ति से उसका संपर्क हुआ। कशिश के पिता की मौत हो चुकी है। जबकि उसकी मां निजी स्कूल मे अध्यापिका रही है। कशिश परिवार की गिनती शहर के बड़े कारोबारियों में होती है। सिविल लाइन थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि टीम को प्रोटेक्शन के आदेश हुए थे। जो दे दी गई थी। टीम की क्या कार्रवाई रही। किसी संदर्भ मे टीम आई यहां पर आई, इसके बारे मे कोई जानकारी नही है।

## टोहाना: सैर पर निकले बुजुर्ग को कुत्तों के झुंड ने काटा

### घायल अतर सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| टोहाना

शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। वार्ड 10 में सुबह सैर पर निकले एक बुजुर्ग को कुत्तों के झुंड ने काट लिया। घायल अतर सिंह को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके शरीर पर कई टांके लगे। घटना सुबह 6 बजे की है, जब अतर सिंह अपनी नियमित सैर के लिए निकले थे। वार्ड के पार्षद और पूर्व नगर परिषद के उप प्रधान रामकुमार सैनी ने इस मामले को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया है। रामकुमार सैनी ने बताया कि वार्ड में मेहता वाली गली, प्राचीन हनुमान मंदिर गली, सेंट मेरी स्कूल वाली गली और हरपाल चौक पर आवारा कुत्तों के झुंड देखे जा सकते हैं।



क्षेत्र में 4 स्कूल हैं और कुत्ते अक्सर बच्चों पर भी हमला करते हैं। इससे रेबीज जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। पार्षद ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## ऑटो जलाने की घटना से क्षेत्र में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



करनाल जिले के रांवर गांव में रात को पेट्रोल डालकर एक ऑटो को आग लगा दी गई। यह घटना उस समय सामने आई जब ऑटो मालिक राजबीर के परिवार के सदस्य सो रहे थे। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि ऑटो पूरी तरह जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया कि यह कोई पहली बार नहीं है, जिन युवकों पर शक है वे पहले भी गांव में नशा बेचने और विवाद फैलाने के लिए बदनाम हैं। पीड़ित राजबीर का कहना है कि जिन युवकों ने ऑटो जलाया, वे लंबे समय से गांव में नशे का व्यापार करते हैं और पहले भी कई बार उनसे झगड़ा कर चुके हैं। शनिवार को कहासुनी का बहाना बनाकर उनके ऑटो में पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई और उनका जीवन चलाने का साधन छीन लिया गया। राजबीर ने तुरंत डायल-112 पर दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

**जन सूचना अधिकार के तहत मिली जानकारी**

## नई दिल्ली-बठिंडा के बीच नहीं चलेगी वंदे भारत ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़





**बहादुरगढ़।** रेलवे स्टेशन बहादुरगढ़।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करोड़ों की लागत से बहादुरगढ़ में रेलवे स्टेशन तैयार किया जा रहा है। इस पर एयर पोर्ट की तर्ज पर रेल यात्रियों को सुविधा मिलने की बात कही जा रही है। लेकिन बहादुरगढ़ से गुजर रहे रेल मार्ग पर वंदे भारत एक्सप्रेस गाड़ी नहीं चलती और न ही आगे चलने की कोई योजना है।

दरअसल, दिल्ली रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति के प्रवक्ता सतपाल हाड़ा ने जून सूचना अधिकार के तहत आरटीआई के जरिये जानकारी मांगी गई थी। हाल ही में इसका जवाब आया है, जिसमें कहा गया है कि रेलवे की नई दिल्ली से बठिंडा वाया बहादुरगढ वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की वर्तमान में कोई योजना नहीं है। हाड़ा का कहना है कि आज की तारीख में देश के विभिन्न हिस्सों के लोग बहादुरगढ़ में रोजगार के सिलसिले में आ रहे हैं। यहां हजारों औद्योगिक इकाइया हैं। इसके अलावा यहां से हजारों की संख्या में रोजाना लोग दिल्ली व अन्य क्षेत्र के लिए आवागमन करते हैं। इनकी पहली पसंद रेल हैं। वैसे तो दिल्ली से बहादुरगढ़ के रास्ते पंजाब व राजस्थान के लिए अनेक एक्सप्रेस, सवारी गाड़ियां आती जाती हैं। लेकिन इनमें से कुछ ऐसी एक्सप्रेस गाड़ियां हैं, जो वर्षों से चल रही हैं पर इनका ठहराव अभी तक बहादुरगढ़ स्टेशन पर नहीं है। इस वजह से इन गाड़ियों को पकड़ने के लिए प्रवासी श्रमिकों को दिल्ली जाना पड़ता है। इससे इनके धन और समय की बर्बादी होती है। हालांकि रेल यात्री संघर्ष कर काफी गाड़ियों का ठहराव करा चुके हैं लेकिन 14 जोड़े एक्सप्रेस गाड़ियां अभी यहां नहीं ठहरती। जिनमें हुजूर साहिब/ अमृतसर सुपरफास्ट, गंगानगर-नई दिल्ली एक्सप्रेस, त्रिपुरा सुंदरी, कोटा-उधमपुर एक्सप्रेस सहित कई ट्रेन शामिल हैं।

सुबह के सवा पांच बजे के बाद 10 बजकर 40 मिनट यानी पांच घंटे तक कोई भी सवारी गाड़ी बहादुरगढ़ से सांपला, अस्थल बोहर रोहतक के लिए नहीं है। समिति की मांग है कि सुबह के वक्त पौने आठ बजे दिल्ली से रोहतक के बीच वाया बहादुरगढ़ सांपला एक सवारी गाड़ी का संचालन किया जाए।

## बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने पिज्जा कैफे पर की फायरिंग, ग्राहकों के बीच से निकली गोली

### वारदात से शहर में भय का माहौल, तलाशी में जुटी पुलिस, प्रत्यक्षदर्शियों से की पूछताछ

- नांगल सोड़ा निवासी युवक का परिचय देकर बहरोड़ की तरफ फरार हुए अपराधी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नांगल चौधरी



**नांगल चौधरी।** पिज्जा कैफे पर फायरिंग वारदात का निरीक्षण करती पुलिस।

बहरोड़ रोड पर संचालित पिज्जा साइबर कैफे पर अज्ञात बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग कर दी। शीशे को चीरती हुई गोली ग्राहकों के बीच से दीवार से टकरा गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी छत्रपाल चौधरी व डीएसपी हैडक्वाटर मौके पर पहुंचे। उन्होंने कारतूस बरामद करने के बाद कैफे संचालक तथा प्रत्यक्ष दर्शियों से पूछताछ की। विभिन्न साक्ष्य एकत्रित करके पुलिस ने अज्ञात बदमाशों की तलाश आरंभ कर दी है। जानकारी के मुताबिक ब्रदर्स पिज्जा कैफे में सात से आठ ग्राहक जलपान कर रहे थे। इसी दौरान करीब तीन बजे बाइक पर तीन नकाबपोश युवक पहुंचे और अंदर घुस गए। उन्होंने संचालक को चेतावनी भरे लहजे में वार्निंग देते हुए नांगल सोड़ा निवासी एक युवक का परिचय दिया। इसके बाद उन्होंने पॉकेट से पिस्तौल निकाली और शीशे पर फायर कर दिया। शीशे को चीरती हुई गोली ग्राहकों के बीच से निकलती हुई दीवार से टकरा गई। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों बदमाश बाइक पर सवार होकर बहरोड़ की तरफ भाग गए। घटना से भयभीत कैफे संचालक ने पुलिस को सूचना दी तथा बदमाशों की पहचान करने के प्रयास किए। थाना प्रभारी छत्रपाल चौधरी ने मौका निरीक्षण करने के बाद उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत कराया। इसके बाद बजे डीएसपी हैडक्वाटर पिज्जा कैफे पहुंचे और उन्होंने प्रत्यक्ष दर्शियों से घटना के संदर्भ में पूछताछ की।

**की जा रही जांच**

इस संदर्भ में थाना इंचार्ज छत्रपाल चौधरी ने बताया कि डीएसपी व सीआईए वारदात की जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश या उगाही का प्रतीत हो रहा है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जल्द ही आरोपितों को गिरफ्त में ले लिया जाएगा।

## राशिफल



**मेष** मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।




**वृष** मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**मिथुन** परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।



**कर्क** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।



**सिंह** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।



**कन्या** भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।



**तुला** व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।




**वृश्चिक** कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।



**धनु** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।



**मकर** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।



**कुंभ** क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च बढ़ेंगे।



**मीन** परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

## घरों के अंदर कलह की मुख्य वजहों को दर्शाती फैमली ड्रामा वेब सीरीज़ 'जर-जोरू-ज़मीन' स्टेज एप पर हुई रिलीज

- अपने सस्पेंस और मजबूत कहानी के चलते अंत तक दर्शकों को बांधे रखती है वेब सीरीज़

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**रोहतक।** प्रदेश में हर रोज घरों में झगड़े होने, धन संपत्ति को लेकर भाई-भाई में विवाद और जमीन को लेकर खुनी संघर्ष के मामले सामने आते रहते हैं। इसी तरह की घटनाओं को दिखाती हुई हरियाणवी वेब सीरीज़ 'जर-जोरू-जमीन' स्टेज एप पर रिलीज़ हो गई है। यह वेब सीरीज़ जर (धन), जोरू और जमीन के कारण होने वाले विवादों की कहानी को दिखाती है। फैमली ड्रामा, क्राइम और सस्पेंस से भरी यह वेब सीरीज़ पहले ही दिन से लोगों को काफी पसंद आ रही है। वेब सीरीज़ में पांच एपिसोड हैं और इसकी कहानी इतनी मजबूत है कि अंत तक दर्शकों को बांधे रखती है। वेब सीरीज़ के अंदर दिखाया गया है कि पत्नी के बहकावे में आकर और धन-संपत्ति के लालच में दो भाई एक दूसरे के दुश्मन बन जाते हैं। वेब सीरीज़ में अंत तक सस्पेंस है और दर्शक सोचते ही रहते हैं कि अगले





एपिसोड में क्या होगा? हरियाणा में इस तरह के कंटेंट काफी पसंद किए जाते हैं और इस वेब सीरीज़ को लोग अपने परिवार के साथ घर पर बैठकर देख सकते हैं। स्टेज एप लगातार हरियाणा के कल्चर पर काम करने के साथ ही उन बुराइयों को भी प्रमुखता से उठाता है जो समाज में तेजी से फ़ैल रही हैं। इसी कड़ी में यह वेब सीरीज़ भी आ रही है, जिसमें बताया जा रहा है कि कैसे लालच जब किसी के सिर पर चढ़ता है तो वह अपनों का दुश्मन बन जाता है। इस वेब सीरीज़ को अनिल चांदलिया ने डायरेक्ट किया है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

## तहसीलदार, नायब तहसीलदार.....

मुआवजा राशि वितरित करने के लिए राजेन्द्र सिंह पटवारी द्वारा अपने निजी सहायकों कमलजीत व सुंदर उर्फ बिल्ला से किसानों की मुआवजा वितरण लिस्टें तैयार करवाई गई।

### जांच में खुली पोल, किसान का नाम अलग, खाता अपना


जांच में सामने आया कि लिस्ट के 1919 नंबर पर दर्ज राजेन्द्र पटवारी के निजी सहायक सुंदर उर्फ बिल्ला के खाते में 22 जुलाई 2022 को 40500 रुपये, क्रमांक 1791 पर दर्ज मनीराम पुत्र सहीराम के नाम पर सुंदर के खाते में ही 15319 रुपये की राशि जारी की गई है जबकि एपीआर के अनुसार सुंदर को 17375 रुपये की मुआवजा राशि जारी करनी थी और उसे 38444 रुपये अधिक मुआवजा दिया गया। इसी तरह लिस्ट में 1273 नंबर पर रवि पुत्र चन्द का नाम दर्ज है परंतु बैंक खाता सुरजीत पुत्र अंतर ड्ढषसह का है जिसमें 45500 रुपये मुआवजा दिया गया जबकि सुरजीत को 12033 रुपये की मुआवजा राशि मिलनी थी। 2066 नंबर पर किसान का नाम राम सिंह पुत्र छबील दास दर्ज है जबकि बैंक खाता कमलजीत निवासी ढाणी मियां खां का है जिसमें 40010 रुपये मुआवजा राशि जारी की गई।1968 नंबर पर कमलजीत के जानकारी राजपाल के बैंक खाते में 35700 रुपये व 42910 रुपये की मुआवजा राशि जारी की गई। 1969 पर दर्ज कमलजीत की जानकार सुमन के खाते में 47100 रुपये, क्रम संख्या 1126 पर दर्ज कमलजीत के दोस्त राहुल के खाते में 46700, क्रम संख्या 1333 पर दर्ज राहुल के खाते में 38910 की अवैध मुआवजा राशि जारी की गई है जबकि कमलजीत, राजपाल, सुमन व राहुल का नाम बड़ोपल की एपीआर फसल खराबा में नहीं है। इसी तरह आरोपियों ने मिलीभगत कर मुआवजा राशि में गोलमाल किया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं अपने मुवक्किल प्रवीन पुत्र श्री जगबीर सिंह निवासी गांव सांखौल, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर हरियाणा की तरफ से सार्वजनिक सूचना देता हूं कि मेरे मुवक्किल ने नरेश कुमार पुत्र श्री पूर्णमल निवासी सैनिक नगर, बहादुरगढ़ जिला झज्जर के साथ एक किता प्लाट बा रकबा 148.5 वर्ग गज जो कि खेवट न0 506 मिन/444, खाता नम्बर 945 मिन, 947 मिन, खसरा नम्बर 267/1/1 (0-1), 269/1(0-11), 5016/271/1(1-2). 5013/268(1-8), 272(1-17), 273(1-15), 238/1(0-3), मौजा बहादुरगढ़, मामन विहार अन्दर हद्द नगर परिषद बहादुरगढ़ का इकरारनामा सौदा बैय पूरी कीमत दिनांक 13-07-2022 की रूह से किया हुआ है। अब इस नोटिस के माध्यम से फरीक अव्वल को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10-06-2025 को सब-रजिस्ट्रार कार्यालय बहादुरगढ़ में उपस्थित होकर मेरे मुवक्किल के हक में बैयनामा तहरीर करवायें। अन्य किसी शख्स को इस बारे में किसी प्रकार की कोई आपति हो तो मेरे कार्यालय में दिनांक 10-06-2025 से पहले आकर आपति दर्ज करवा सकता है।

हस्ता/-दिनेन्द्र कुमार गोयल वकील
चैम्बर न0 51. सिविल कोर्ट
बहादुरगढ़

## शब्द पहेली - 5884



**बाएँ से दाए**


1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 5883 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रा | ज | क | पू | र | | अ | च | र | ज |
| ज | य | | रा | | क्षि | ति | ज | | त | ला |
| ना | | अ | मा | न | त | | र | वा | | व |
| न | सी | ह | | | व | ह | | म | का | न |
| खा | | म | | र | न | र | | | ल | |
| ना | म | क | र | ण | | स | ला | ह | का | र |
| | हा | | | वी | रा | ना | | र | | ज |
| का | न | न | | र | ज | | | जा | ग्र | त |
| म | | र | ज | | घ | ब | रा | ना | | प |
| का | र | | ग | ज | रा | | ज | | प | ट |
| ज | न | म | त | | ना | ट | क | का | र | |





आईपीएल: दूसरा क्वालीफायर मुकाबला आज शाम 7.30 बजे

# पांच बार की चैंपियन मुंबई से आज पंजाब का मुकाबला, जो जीता वो खेलेगा फाइनल


एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

अपने पहले खिताब की कवायद में लगी पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे क्वालीफायर में रविवार को यहां पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स को पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा जिससे निश्चित तौर पर उसका आत्मविश्वास डिग गया होगा।

पंजाब किंग्स को अगर पहली बार चैंपियन बनना है तो उसे इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीमों के लिए यह मैच सेमीफाइनल जैसा है। मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर में खिताब की प्रबल दावेदार गुजरात टाइटन्स को हराकर छठे खिताब की ओर एक और कदम बढ़ाया। इस जीत से मुंबई का निश्चित तौर पर आत्मविश्वास बढ़ा होगा।

आरसीबी और पंजाब किंग्स की तुलना में मुंबई इंडियंस की टीम नॉकआउट चरण में जीत दर्ज करने का अधिक अनुभव रखती है। उसके मुख्य कोच माहेला जयवर्धने के सामने चुनौती अपनी टीम को संगठित रखने की होगी। श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने हालांकि अभी तक यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। पिछले सत्र में सबसे निचले पायदान पर रही मुंबई इंडियंस को प्लेऑफ में पहुंचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।





### हार का भुलाना चाहेंगे पंजाब किंग्स के खिलाड़ी

पंजाब किंग्स में कप्तान श्रेयस अय्यर और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की जोड़ी के लिए चुनौती यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके खिलाड़ी पिछले मैच में मिली करारी हार को भूल जाएं और अपनी ऊर्जा को उन चुनौतियों से लड़ने में लगाएं जो विशेषकर गेंदबाजी विभाग में कुछ खिलाड़ियों के बाहर हो जाने से सामने आई हैं। इससे उसके मुख्य तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है। मार्को यानसन की अनुपस्थिति और आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल की अनुपलब्धता टीम के लिए परेशानी का सबब बन गई है क्योंकि उसने इन खिलाड़ियों की जगह पर जो विकल्प आजमाए वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके।

### फार्म में हिटमैन रोहित

जहां तक मुंबई इंडियंस का सवाल है तो अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने शुरू में मिले दो जीवनदान का फायदा उठाकर गुजरात टाइटंस के खिलाफ बड़ी पारी खेली। रोहित फिर से लय में लौट आए हैं और पंजाब किंग्स के गेंदबाजों के लिए उन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। अगर समग्र तौर पर देखा जाए तो मुंबई इंडियंस की टीम में कोई कमी नजर नहीं आ रही है क्योंकि उसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है।

### पिच बल्लेबाजों के अनुकूल

फाइनल में पहुंचने के लिए उसकी टीम काफी हद तक रोहित, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और कप्तान हार्दिक पंड्या पर निर्भर रहेगी। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले इस मैच का नतीजा काफी हद तक गेंदबाजों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा क्योंकि यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है जिस पर काफी बड़े स्कोर बने हैं।

खास बाते

## शाह ने की यूईएफए अध्यक्ष से मुलाकात



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष जय शाह ने इंटर मिलान और पेरिस सेंट जर्मन के बीच एलियांज एरिना में खेले जाने वाले चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन से मुलाकात की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व सचिव शाह ने शुक्रवार को सेफरिन से मुलाकात की। शाह ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, 'चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करने और यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन के साथ चर्चा करने का सम्मान मिला। हमारे खेल को विश्व स्तर पर पहुंचाने के लिए अन्य खेलों के प्रमुखों से मुलाकात करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है।'

### ध्यान 2026 एशियाड पर यूटीटी से तैयारी शुरू



**अहमदाबाद।** राष्ट्रमंडल खेलों में दो बार के चैंपियन हरमीत देसाई जापान में अगले साल होने वाले एशियाई खेलों में पोडियम फिनिश पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसके लिए वह अल्टीमेट टेबल टेनिस के छठे सत्र को तैयारी की तरह लेंगे क्योंकि इसमें कई अनुभवी खिलाड़ी भाग लेंगे। विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज देसाई ने 2018 गोल्ड कोस्ट और 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते थे। उन्होंने गोल्ड कोस्ट में पुरुष युगल में कांस्य पदक और जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता है।

### इंटर काशी फिर खेल पंचाट में जाने को तैयार



**नई दिल्ली।** आई लीग क्लब इंटर काशी दूसरी बार खेल पंचाट का दरवाजा खटखटाने को तैयार है क्योंकि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने नामधारी एफसी, रीयल कश्मीर और चर्चिल ब्रदर्स के फुटबॉलर मारियो बार्को के पुनः पंजीकरण को लेकर वाराणसी स्थित क्लब के खिलाफ अपील को बरकरार रखा है। एआईएफएफ अपील समिति के ताजा फैसले का मतलब है कि इंटर काशी के चार अंक काटे जाएंगे जबकि चर्चिल ब्रदर्स के अंक में दो अंक जुड़ जाएंगे और नामधारी को तीन अंक मिलेंगे।



| ऑरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
| साई सुदर्शन | प्रसिद्ध कृष्णा |
| 759 रन | 25 विकेट |
| गुजरात | गुजरात |

## खबर संक्षेप

### युद्धवीर बने भारतीय टेस्ट टीम के मैनेजर

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के अनुभवी प्रशासक युद्धवीर सिंह को आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने यह जानकारी दी। युद्धवीर यूपीसीए के आजीवन सदस्य हैं। वह इससे पहले संघ के सचिव और निदेशक के रूप में काम कर चुके हैं। भारतीय टीम इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी जिसका पहला मैच 20 जून से लीड्स में शुरू होगा। रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया।

### भारत की युवा टेस्ट टीम इंग्लैंड में छोड़ेगी छाप

**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के धाकड़ बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने शनिवार को यहां कहा कि भारत के युवा खिलाड़ियों में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में कुछ खास हासिल करने की क्षमता है, बशर्ते वे खुद पर भरोसा रखें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि नई पीढ़ी आगे आए। 25 वर्षीय शुभमन गिल की अगुवाई में भारत अगले महीने इंग्लैंड के पांच टेस्ट मैचों के दौरे के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का नया चक्र शुरू करेगा। भारत को रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलेगी।

### जीत की संस्कृति बड़े मैचों में मदद करती है

**मुल्लांपुर।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने का मानना है कि उनकी टीम ने अपने मुख्य खिलाड़ियों के साथ वर्षों से जो जीत की संस्कृति बनाई है, उससे उन्हें दबाव की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलती है। पांच बार की चैंपियन मुंबई की टीम ने शुक्रवार को यहां आईपीएल के एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को हराकर दूसरे क्वालीफायर में प्रवेश किया जहां उसका सामना रविवार को पंजाब किंग्स से होगा।

फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट

## अल्काराज की संघर्षपूर्ण जीत चौथे दौर में पहुंचे होल्कर रुने



एजेंसी ▶▶| पेरिस

गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ ने चार सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके होल्गर रुने के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। अल्काराज ने रात के सत्र में खेले गए मैच में बोस्निया के 33 वर्षीय खिलाड़ी दामिर दज़ुमुर को 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से हराया।

यह पहला अवसर था जबकि स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज बोस्निया के खिलाड़ी के खिलाफ खेल रहे थे। उन्होंने स्वीकार किया कि इस मैच में जीत हासिल करना आसान नहीं था। अल्काराज ने कहा, 'आज मुझे काफी परेशानी हुई। पहले दो सेट में मैंने नियंत्रण बनाए रखा था लेकिन इसके बाद उसने आक्रामक होकर खेलना शुरू कर दिया। यह मेरे लिए वास्तव में मुश्किल था।'

चौथे दौर में उनका सामना बेन शेल्टन से होगा। इस बीच डेनमार्क के 10वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रुने ने फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस को पांच सेट तक चले मैच में 4-6, 6-2, 5-7, 7-5, 6-2 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। रुने ने इस दौरान एक दर्शक को बाहर करने की अपील भी की जो लगातार उन पर चिल्ला रहा था। चौथे दौर में उनका मुकाबला इटली के आठवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी से होगा।

### चोटिल ओवरटन सफेद गेंदों की श्रृंखला से बाहर

**लंदन।** जेमी ओवरटन बृहस्पतिवार को वनडे श्रृंखला के पहले मैच में लगी उंगली की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड के बाकी बचे वनडे और टी20 मैचों से बाहर हो गए हैं। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर एजबेस्टन में इंग्लैंड की 238 रन की जीत के दौरान रिटर्न कैच लेने की कोशिश करते हुए उंगली में चोट लगा बैठे। इंग्लैंड क्रिकेट ने शनिवार को एक बयान में कहा, 'अब वह इंग्लैंड की मेडिकल टीम की देखरेख में रिहैबिलिटेशन करायेंगे। वनडे टीम में उनकी जगह कोई खिलाड़ी शामिल नहीं किया जाएगा।' वनडे श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच मंगलवार को खेला जाएगा।

## भारत ने जीते 24 पदक, सचिन सहित 3 को रजत

एजेंसी ▶▶| गुमी

भारत ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, कई व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और अंतिम दिन छह पदकों के साथ कुल 24 पदकों के साथ अपना अभियान खत्म किया। भारतीय खिलाड़ी प्रतियोगिता के आखिरी दिन शनिवार को स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहे लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन से तीन रजत और इतने ही कांस्य पदक हासिल किए।

पारुल चौधरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरा रजत पदक जीता और भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव भी दूसरे स्थान पर रहे जबकि धावक अनिमेष कुजूर ने राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ते हुए कांस्य पदक जीता। विथ्या रामराज और पूजा ने भी अपनी-अपनी स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। अभिनया राजराजन, स्नेहा एसएस, श्राबनी नंदा और नित्या गंधे की चौकड़ी ने महिलाओं की

एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप



चार गुणा 400 मीटर रिले में सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 43.86 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया जो इस प्रतियोगिता में भारत का आखिरी पदक रहा। भारत का अभियान इस तरह आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य पदकों के साथ खत्म हुआ। भारतीय दल पिछले सत्र में 27 पदक जीते थे लेकिन जब स्वर्ण पदकों की संख्या छह थी। इससे पहले 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जीतने वाली पारुल चौधरी महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में 15 मिनट 15.33 सेकंड का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में उभरते सितारे 25 वर्षीय यादव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.16 मीटर तक भाला फेंका। वह मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम से पीछे रहे, जिन्होंने 86.40 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी यशवीर सिंह ने भी प्रभावित किया तथा 82.57 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया।

## नायर का दोहरा शतक, भारत-ए का 557 रन का विशाल स्कोर

एजेंसी ▶▶| कैंटरबरी

करुण नायर के शानदार दोहरे शतक से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 557 रन बनाए। नायर ने 281 गेंद का सामना करते हुए 26 चौके और एक छक्का जड़कर 204 रन बनाए।

भारत ए ने सुबह तीन विकेट पर 409 रन से आगे खेलना शुरू किया और उनके दोहरे शतक से टीम ने मजबूत प्रदर्शन जारी रखा। नायर ने 186 रन से आगे खेलना शुरू किया और तेज गेंदबाज एडी जैक की गेंद पर कवर के ऊपर से



चौका लगाकर 272 गेंद में 200 रन पूरे किए। इससे पहले भारत ए ने ध्रुव जुरेल (94) और नीतिश कुमार रेड्डी (07) के रूप में दो विकेट जल्दी गंवा दिए थे। नायर और जुरेल ने चौथे विकेट के लिए 195 रन जोड़े। इससे पहले सरफराज खान ने 119 गेंदों में 92 रन बनाए थे।

## आज से टेस्ट, वनडे और टी-20 के नियमों में बदलाव

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने टेस्ट और वनडे के साथ टी20 फॉर्मेट को और रोमांचक बनाने के लिए अगले महीने जून से कुछ नए नियमों को बदलने का फैसला लिया है। इसमें वनडे में 2 नई गेंदों के इस्तेमाल के अलावा कन्कशन सब्स्टीट्यूट नियम में बदलाव के साथ बाउंड्री लाइन पर पकड़े जाने वाले कैच के नियमों में बदलाव किए जा रहे हैं। नियमों में हो रहे बदलाव का सबसे ज्यादा असर वनडे फॉर्मेट में देखने को मिलेगा जिसमें गेंदबाजों को अधिक फायदा होगा। वनडे फॉर्मेट में पिछले कुछ सालों में बल्लेबाजों का दबदबा पूरी तरह से देखने को मिल रहा है, जिसमें दोनों छोर से दो नई गेंद होने की वजह से गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग हासिल करना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी ने वनडे में 2 गेंदों के प्रयोग को लेकर अब नियम में जो बदलाव किया है उसमें 17-17 ओवर्स तक 2 गेंदों का इस्तेमाल किया जाएगा, जिसके बाद अब 35 ओवर्स के बाद सिर्फ एक गेंद का प्रयोग किया जाएगा जिससे गेंदबाजों के लिए आखिरी ओवर्स में रिवर्स स्विंग हासिल करने में थोड़ी मदद मिलेगी जिससे बल्लेबाजों के लिए तेजी से रन बनाना थोड़ा मुश्किल काम जरूर होगा।

## ऊंची कूद में रचा इतिहास: पराली की बोरी पर की ट्रेनिंग, अब 18 साल की उम्र में जीता स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतने वाली पूजा सिंह ने 2019 में ऊंची कूद में स्पर्धा करने का फैसला किया था। शुरुआत में पराली से भरी बारियों पर अभ्यास करती थी लेकिन शुक्रवार को इस 18 साल की एथलीट को आखिरकार अपनी मेहनत का फल मिल गया। पूजा ने महिलाओं की ऊंची कूद में 1.89 मीटर की अपनी सर्वश्रेष्ठ कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। पूजा ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा आयोजित एक



बातचीत में मीडिया से कहा, 'मैंने 2017 में शुरुआत की और 2019 तक मैं योग और जिम्नास्टिक कर रही थी। मैंने कई स्पर्धाओं में भी हिस्सा लिया। 2019 में मैंने ऊंची कूद को चुना। मैं कड़ी मेहनत और संघर्षों के बाद मैं यहां तक पहुंची हूं।' पूजा ने कहा कि पराली से भरे बोरों पर अभ्यास करने से उन्हें अंडर-16 स्तर पर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने में मदद मिली।

उन्होंने कहा, 'जब मैंने ऊंची कूद शुरू की तो मेरे पास 'मैट' नहीं था और मैं पराली से भरे बोरों पर अभ्यास करती थी। मैंने दो तीन साल तक ऐसा किया लेकिन फिर मुझे एक पुराना 'मैट' मिला, जिस पर अभ्यास करते हुए मैंने अंडर-16 रिकॉर्ड (1.76 मीटर) बनाया।

### अगासरा ने भी जीता सोना

वहीं, हेप्टाथलॉन में स्वर्ण पदक जीतने वाली नंदिनी अगासरा ने कहा कि 34.18 मीटर दूर भाला फेंकने के दौरान उन्हें कोहनी में दर्द महसूस हुआ जहां उन्हें पहले भी चोट लग चुकी है। नंदिनी ने कहा, 'मैं 38-40 मीटर भाला फेंकने के बारे में सोच रही थी लेकिन कल चार स्पर्धाओं के बाद मुझे कोहनी में दर्द महसूस हुआ।' गुलवीर सिंह ने 10000 मीटर में सफलता के बाद 5000 मीटर में स्वर्ण पदक जीता और कहा कि उनका ध्यान 'टाइमिंग' पर नहीं बल्कि पदक जीतने पर था।

BABA SAHEB AMBEDKAR POLYTECHNIC
बाबा साहेब अम्बेडकर पॉलिटेक्निक
Established/ स्थापित 2004 राष्ट्र के लिए 21 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा
RCM POLYTECHNIC CAMPUS, M.P. MAJRA, JAHAJGARH, TEHSIL-BERI, JHAJJAR (HR)
Ph. 7503386922, 7982122457, 8755051173; Website: www.bsapolytechnic.com
ADMISSION NOTIFICATION 2025-26/ सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश अधिसूचना
Applications are invited from Indian male/ female candidates for Polytechnic Diploma Courses. The courses are in Self Financial mode, Affiliated to State Board of Technical Education and Approved by All India Council for Technical Education, Government of India (AICTE). Reservation Policy will be followed strictly as per Government norms.
The details of three years Post Matric courses are :
• COMPUTER SCIENCE
• MECHANICAL ENGINEERING
• ELECTRICAL ENGINEERING
• ELECTRONICS ENGINEERING
• CIVIL ENGINEERING
पॉलिटेक्निक डिप्लोमा कोर्स के लिए भारतीय पुरुष/महिला उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ये कोर्स स्व-वित्तीय मोड में हैं, राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से संबद्ध हैं और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, भारत सरकार (AICTE) द्वारा अनुमोदित हैं। आरक्षण नीति का सरकारी मानदंडों के अनुसार सख्ती से पालन किया जाएगा। तीन वर्षीय पोस्ट मैट्रिक कोर्स विवरण :
• कंप्यूटर साइंस
• मैकेनिकल इंजीनियरिंग
• इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
• इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग
• सिविल इंजीनियरिंग
Last Date of Registration 16.07.2025
Last Date of Admission 31.07.2025
पंजीकरण की अंतिम तिथि 16.07.2025
प्रवेश की अंतिम तिथि 31.07.2025
निदेशक
Director

**पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के अचानक स्थगन के बाद से भारत की स्वतंत्र विदेश नीति पर प्रश्न खड़े हुए हैं। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई के लिए किए गए ऑपरेशन सिंदूर समेत भारत के सभी कदमों को वैश्विक समर्थन नहीं मिला, जिसकी भारत को अपेक्षा थी। यह अपेक्षा इसलिए थी कि लंबे समय से विश्व में अनेक देशों के मित्र होने की कूटनीतिक आभा रची जा रही थी। चिर मित्र रूस ने भी तटस्थ रहकर चौंकाया। जब ऑपरेशन सिंदूर सफलता से चल रहा था, तो भारत ट्रंप की ट्रेड ब्लैकमेलिंग का शिकार क्यों हुआ? भारत व पाक के बीच पूर्ण संघर्षविराम का पहले ऐलान कर अमेरिकी राष्ट्रपति ने विश्व स्तर पर भारत की स्वतंत्र विदेश नीति को नुकसान पहुंचाया। इससे विश्व में भारत के लिए एक कूटनीतिक वैक्यूम पैदा हो गया। सरकार ने सर्वदलीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल 33 देशों में भेजा, जिसने आतंकवाद पर भारत के रुख को स्पष्ट किया, पाकिस्तान की आतंकपरस्ती को बेनकाब किया और कूटनीतिक करेक्शन से अमेरिकी झूठ का पर्दाफाश भी किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने विश्व को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का पैगाम दिया है। इस सर्वदलीय विदेश यात्रा के मकसद का विश्लेषण करता आजकल का ताजा अंक...**

# आतंकवाद के खिलाफ एक्शन का पैगाम



सांसदों के विदेश दौरे का विश्लेषण

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार

> **भारत पाक सैन्य संघर्ष में युद्ध विराम के तत्पश्चात भारत सरकार द्वारा प्रमुख राजनीतिक पार्टियों का एक संयुक्त सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया भर के तीस से अधिक प्रमुख देशों के शीर्ष लीडरों को भारत का कूटनीतिक पैगाम देने के लिए भेजा गया। भारत का प्रबल पैगाम है कि पाकिस्तान द्वारा प्रेरित और पोषित जिहादी आतंकवाद के विरुद्ध वस्तुतः भारत का दृष्टिकोण और रणनीति जीरो टॉलरेंस से ओतप्रोत है। भारत वस्तुतः जिहादी आतंकवाद के विरुद्ध विगत 36 वर्षों से निरंतर विकट संग्राम कर रहा है। भारतीय संसद द्वारा एकमत से पारित प्रस्ताव को अमलीजामा पहनाना है कि संपूर्ण कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और पाक अधिकृत कश्मीर पर अपना आधिपत्य स्थापित करना है।**

भारत पाक सैन्य संघर्ष के उपरांत कुछ यक्ष प्रश्न उठ खड़े हुए हैं? पहला यक्ष प्रश्न है कि भारत का एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया के 30 से अधिक प्रमुख देशों में आखिरकार क्यों भेजा गया? दूसरा यक्ष प्रश्न है आखिरकार मात्र चार दिनों के सैन्य संघर्ष के बाद पाकिस्तान से भारत को युद्ध विराम क्यों करना पड़ गया? तीसरा यक्ष प्रश्न यह है कि क्या भारत की सैन्य तैयारियों में पाकिस्तान को निर्णायक तौर पर पराजित करने के लिए अत्यंत कमी महसूस की गई? भारत पाक सैन्य संघर्ष में युद्ध विराम के तत्पश्चात भारत सरकार द्वारा प्रमुख राजनीतिक पार्टियों क्रमशः बीजेपी, कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, एनसीपी, जदयू, बीजेडी, सीपीएम, शिवसेना, और आप पार्टी का एक संयुक्त सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया भर के तीस से अधिक प्रमुख देशों के शीर्ष लीडरों को भारत का कूटनीतिक पैगाम देने के लिए भेजा गया।

## जिहादी आतंकवाद के विरुद्ध पैगाम

भारत का प्रबल पैगाम है कि पाकिस्तान द्वारा प्रेरित और पोषित जिहादी आतंकवाद के विरुद्ध वस्तुतः भारत का दृष्टिकोण और रणनीति जीरो टॉलरेंस से ओतप्रोत है। भारत वस्तुतः जिहादी आतंकवाद के विरुद्ध विगत 36 वर्षों से निरंतर विकट संग्राम कर रहा है। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में अंजाम दिए गए नृशंस आतंकवादी आक्रमण का सैन्य प्रतिशोध लेने के लिए पाकिस्तान हुकूमत एवं सेना की कयादत में संचालित आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को नष्ट करने के लिए भारत ने 7 मई से 10 मई तक सैन्य ऑपरेशन सिंदूर अंजाम दिया। सांसदों का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा एशिया, अफ्रीका, यूरोप और लैटिन अमेरिकी सरकार के प्रमुख लीडरों से मुलाकात की गई। भारत के संसदीय प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख चेहरे रहे, बीजेपी के विजयंत पांडा, रवि शंकर प्रसाद, अपराजिता सारंगी, अनुराग ठाकुर, जदयू के संजय कुमार झा, कांग्रेस के सांसद शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद, श्रीकांत एकनाथ शिंदे और एनसीपी की सुप्रिया सुले, डीएमके की सांसद कनिमोझी, शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी। सांसद बैजयंत जय पांडा सऊदी अरब के शेख लीडरान से मुखातिब हुए। डीएमके की सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने ग्रीस की लीडरशिप से मुलाकात की। दक्षिण अफ्रीका एवं अन्य अफ्रीकी देशों के लीडरों से मिलने पहुंची नेशनल कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सूले। इटली की राजधानी रोम और फ्रांस की राजधानी पेरिस में शीर्ष लीडरों से मुलाकात की सांसद रवि शंकर प्रसाद ने। मनीष तिवारी ने मुलाकात की मध्य एशिया और यूरोप के लीडरों से। सलमान खुर्शीद ने मुलाकात की दक्षिण एशिया के देशों के लीडरों से विशेष कर दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर के लीडरों से। अमेरिका तथा लैटिन



अमेरिकन के देशों का कूटनीतिक दौरा अंजाम दिया कांग्रेस के सांसद शशि थरूर ने। यक्ष प्रश्न है कि भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आखिरकार ऐसा कूटनीतिक निर्णय क्यों लिया गया कि भारतीय सांसदों का सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल दुनिया भर के तीस से अधिक प्रमुख देशों में भेजा गया? जिहादी आतंकवाद के विरुद्ध अंजाम दी गई अपनी शानदार सैन्य कार्यवाही के विषय में विश्व भर को अवगत कराने की भारत सरकार को आखिरकार क्यों जरूरत पड़ गई? आखिरकार संसदीय प्रतिनिधिमंडल के केवल 10 दिनों के कूटनीतिक दौरे की वास्तविक उपलब्धि क्या रहेगी?

## प्रमुख राष्ट्रों से समर्थन की उम्मीद

दरअसल भारत को विश्व भर के प्रमुख राष्ट्रों से पाकिस्तान के विरुद्ध जारी सैन्य संघर्ष के दौरान जबरदस्त समर्थन की उम्मीद थी। विश्व पटल पर वैश्विक जिहाद आतंकवाद की सबसे बड़ी निर्माणशाला और पनाहगाह कहे जाने वाले पाकिस्तान को अपना प्रबल समर्थन प्रदान करने के लिए तुर्किये, अजरबैजान, चीन और अमेरिका स्पष्ट तौर पर सामने आ गए। भारत का प्रबल समर्थन करने में इस दफा रूस द्वारा कदाचित कोई गहन दिलचस्पी प्रकट नहीं की गई। सन् 1947 से सदैव ही कश्मीर विवाद के प्रश्न पर भारत का एक तरफा सक्रिय समर्थन करने वाले रूस ने भी इस दफा दोनों संघर्षरत पक्षों के मध्य सुलह कराने के लिए केवल अपनी मध्यस्थता प्रस्तुत कर दी। पाकिस्तान द्वारा प्रेरित और पोषित जिहादी आतंकवादियों के द्वारा कम से कम 60 दफा गहरे जख्म झेलने वाला अमेरिका भी पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा नजर आया। चीन द्वारा तो खुलकर सार्वभौमिकता के नाम पर पाकिस्तान का प्रबल समर्थन किया गया। पाकिस्तान के विरुद्ध सैन्य संघर्ष के दौरान भारत के लिए विश्व पटल पर बहुत बड़ा कूटनीतिक झटका रहा। संभवतः यही सबसे बड़ा कारण रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को दुनिया के 30 से अधिक प्रमुख देशों में भेजा, ताकि भारत के पक्ष को कूटनीतिक तौर पर विश्व के प्रमुख राष्ट्रों के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। यह जरूरी था या नहीं, यह अलग विषय है और इसके बाद क्या भारत अपना कूटनीतिक मकसद पूरा कर पाया कि नहीं, इसका भी पता बाद में ही चलेगा।

## इंदिरा गांधी ने भी भेजा था प्रतिनिधिमंडल

क्वॉड्रिलैटरल डायलॉग (क्वाड) हालांकि कोई रणनीतिक मोर्चा नहीं है, किंतु क्वाड में चीन के विस्तारवाद के विरुद्ध भारत एक बड़ी भूमिका का निर्वाह कर रहा है। दुर्भाग्य से क्वाड द्वारा भी सैन्य संघर्ष के दौरान भारत के प्रति नैतिक समर्थन तक व्यक्त नहीं किया गया। जब सन 1971 में पाकिस्तान और भारत के मध्य एक बड़ी निर्णायक बांग्लादेश जंग हुई थी, उस ऐतिहासिक दौर में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी और सर्वोदय नेता जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में एक सर्वदलीय कूटनीतिक प्रतिनिधिमंडल भारत का पक्ष प्रस्तुत करने के लिए विश्व के अनेक प्रमुख देशों में भेजा गया था। आजादी हासिल होने के तत्पश्चात भारतीय संसद द्वारा दो अंतरराष्ट्रीय पार्लियामेंट्री संगठनों में अपनी सक्रिय भागीदारी जारी रखी गई है। विश्व पटल पर अपनी कूटनीतिक शक्ति को बढ़ाने के लिए भारत को निरंतर प्रयास करना होगा। खासतौर पर अपने परंपरागत रणनीतिक साझेदार रूस को अपने पक्ष में लाने के लिए गहन कूटनीतिक प्रयास करने होंगे। जब भारत गुटनिरपेक्ष आंदोलन की कयादत कर रहा था और और शीत युद्ध के दौर में किसी सैन्य गुट में शामिल नहीं था, तब भी सोवियत संघ रणनीतिक रूप से भारत के साथ दमदार ढंग से खड़ा था। फिर आखिर कहां कूटनीति चूक हो गई है कि रूस पाकिस्तान को अपना राजनीतिक पार्टनर करार देने लगा है। क्या यह रक्षा बाजार की चाहत है?

## आतंकवाद के संपूर्ण तंत्र को नष्ट करना जरूरी

दूसरा यक्ष प्रश्न है कि आखिरकार ऐसी कौन सी कूटनीतिक मजबूरी थी कि भारत को चार दिनों के सैन्य संघर्ष के बाद ही पाकिस्तान से युद्ध विराम करने पर विवश होना पड़ा? भारत जिहादी आतंकवाद के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति का ऐलान करता रहा है। मात्र चार दिनों की सैन्य कार्रवाई से आतंकवाद को पाकिस्तान की सरजमीं से समाप्त करना नामुमकिन है। आतंकवाद को निर्णायक तौर पर समाप्त करने के लिए पाकिस्तान की फौज को निर्णायक तौर पर सन् 1971 की जंग की तरह पुनः एक दफा और पराजित करना होगा। पाकिस्तान में जिहादी आतंकवाद दरअसल पाकिस्तानी फौज के हुक्मरानों और इनके तहत काम करने वाली आईएसआई के संरक्षण और परिपोषण द्वारा पल्लवित होता रहा है। पाकिस्तान की सरजमीं से जिहादी आतंकवाद को समूल नष्ट करने के लिए सिर्फ आतंकवादियों को कत्ल करना ही काफी नहीं है वरन संपूर्ण तंत्र को नष्ट करना अति आवश्यक है जोकि जिहादी आतंकवादियों का निर्माण करता है और उनको संचालित करता है।

भारत और पाकिस्तान की तरफ से आधिकारिक तौर पर संघर्ष विराम का ऐलान किया जाता, उससे कहीं पहले अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बयान जारी कर दिया और दावा पेश कर दिया कि उनकी हुकूमत ने दोनों मुल्कों में मध्यस्थता अंजाम दी। अमेरिकी कूटनीति के दबाव में दोनों देश तुरंत और पूर्णतः संघर्ष विराम करने के लिए सहमत हो गए। दूसरी ओर भारत सरकार का कहना है कि युद्ध विराम पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन (डीजीएमओ) की पहल पर अंजाम दिया गया। भारत सरकार द्वारा डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध विराम कराने के कूटनीतिक दावे का खंडन तो कदाचित नहीं किया गया, लेकिन प्रेसिडेंट ट्रंप के दावे की बाकायदा पुष्टि भी नहीं की गई। ट्रंप द्वारा भारत पर थोपी गई युद्ध विराम की कूटनीतिक पहल से भारत सरकार की स्वतंत्र विदेश नीति पर क्या एक प्रश्न चिन्ह खड़ा नहीं हो गया है? तीसरा यक्ष प्रश्न है कि क्या आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की कार्य नीति का ऐलान करने वाली भारत सरकार के पास पाकिस्तान फौज को निर्णायक तौर पर परास्त करने के लिए पर्याप्त सैन्य शक्ति विद्यमान नहीं थी? एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने महत्वपूर्ण डिफेंस सिस्टम खरीद-फरोख्त और उसकी डिलीवरी में हो रहे अतिशय विलंब पर वायु सेना में हो रही गहरी चिंता का इज़हार किया है। उन्होंने किसी भी डिफेंस प्रोजेक्ट को वक्त से पूरा न होने का भी उल्लेख किया और घरेलू डिफेंस डील पर भी कुछ बातें पेश की और कहा कि भारतीय वायुसेना हार्डवेयर के अभाव से लंबे वक्त से जूझ रही है। सेना के पास अत्याधुनिक स्टेल्थ फाइटर विमान विद्यमान नहीं है।

## रक्षा तैयारियों में अत्यंत तीव्रता लाना आवश्यक

अनेक रक्षा विशेषज्ञों का कथन है कि भारतीय सैन्य रक्षा सामग्री की खरीदारी और डिलीवरी में एक लंबा अंतराल होने के कारण भारतीय सेना में हताशा निरंतर गति से बढ़ रही है। एयर चीफ मार्शल का बयान इस तथ्य को प्रकट करता है कि 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में अंजाम दिए गए आतंकवादी आक्रमण और 7 मई को पाकिस्तान के अंदर भारतीय वायु सेना द्वारा अंजाम दिए गए हवाई हमलों के तत्पश्चात दोनों देश युद्ध के लिए आमने-सामने आ गए थे। 10 मई को युद्ध विराम पर सहमति बनने के बाद भी दोनों ओर से ड्रोन हमले और सीमा पर जबरदस्त गोलाबारी हुई। इस चार दिवसीय सैन्य झड़प के बाद भारत में रक्षा तैयारियों में अत्यंत तीव्रता लाने की चर्चा ने बहुत जोर पकड़ लिया है। रक्षा विशेषज्ञों का विचार है कि भारत की रक्षा तैयारियों में और अधिक तेजी लाने की जरूरत के संदर्भ में एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह के बयान को स्पष्ट तौर पर समझा जाना चाहिए। सन् 1993 में संसद द्वारा पारित प्रस्ताव को अमलीजामा पहनाना है कि संपूर्ण कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और पीओके को पाक से लेना है। इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर भारत को अपनी सैन्य तैयारी अत्यंत तेज कर देनी चाहिए।

# कूटनीतिक मकसद साधने की पहल यात्रा



प्रतिनिधिमंडल

अवधेश कुमार

वरिष्ठ स्तंभकार

इस समय सभी दलों के सांसदों का प्रतिनिधिमंडल सात समूहों में दुनिया के अलग-अलग 33 देशों की यात्राओं पर है। इनके साथ विदेश मंत्रालय के कुछ पुराने और अनुभवी राजनयिक भी हैं। स्वाभाविक ही आवश्यकता अनुसार विदेश मंत्रालय की ओर से भी प्रतिनिधि हैं और यात्रा से संबंधित देशों का दूतावास भी पूरी तरह इनके साथ लगा है। 23 से 3 जून तक प्रतिनिधिमंडल विदेश यात्रा पर रहेगा। सामान्य तौर पर इसका लक्ष्य यही बताया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर और उसके पूर्व पहलगाम हमले को केन्द्र में रखते हुए पाकिस्तान की दुर्नीतियों, संपूर्ण आतंकवादी विषयों पर भारत का पक्ष सविस्तार रखने के साथ उन्हें अपने पक्ष से सहमत कराने की भी कोशिश होगी।

हालांकि विपक्ष के सांसद इसमें शामिल हैं किंतु जिस तरह की आवाजें उठीं वह इस विषय पर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के संदर्भ में भी भारत की अपरिहार्य आंतरिक राजनीतिक एकता के विपरीत था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर इसे प्रधानमंत्री की विदेश नीति और कूटनीति की सफलता का प्रतिबिंब बता दिया। उन्होंने कहा कि आज उन्हें मजबूर होकर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना पड़ रहा है। कांग्रेस ,तृणमूल आदि पार्टियों की समस्या यह भी थी कि हमसे बिना पूछे हमारे सांसदों को क्यों शामिल किया गया और जिन्हें हम नहीं चाहते थे वे उसमें क्यों हैं? इस विषय पर दो राय हो सकती हैं पर सरकार को भी यह अधिकार होना चाहिए कि ऐसे मामलों में सूक्ष्मता से योग्यता के आधार पर सांसदों का चयन कर उन्हें विदेश भेजा जाए और चूंकि सभी सांसद उनकी पार्टियों के ही हैं इसलिए समस्या नहीं होनी चाहिए। हमारे देश में अत्यंत कठिन समय में भी ऐसे राजनीतिक विवेक की अपेक्षा हम नहीं कर सकते। बहरहाल इस विषय को छोड़ आगे बढ़ते हैं।

## सूक्ष्मता से किया देशों का चयन

यह इतिहास का अब तक का सबसे व्यापक और अभूतपूर्व प्रतिनिधिमंडल है। साफ है कि इसके उद्देश्य आम समझ से ज्यादा व्यापक होंगे और यह पूरी तरह इस समय स्पष्ट भी नहीं हो सकता। इसकी योजना कितनी सूक्ष्मता और व्यापक विचार विमर्श के बाद बनाई गई है, यह इससे पता चलती है कि पाकिस्तान की मदद करने वाले तीन देश तुर्किया, चीन और अज़रबैजान इसमें शामिल नहीं हैं। यानी उन देशों पर समय नष्ट क्यों करें जो हमारी बात न सुनेंगे न समझेंगे। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं चीन के अलावा सुरक्षा परिषद के चार स्थायी सदस्यों के प्रमुखों से बातचीत की थी। इसी तरह विदेश मंत्री एस जयशंकर भी 10 अस्थायी सदस्यों में पाकिस्तान को छोड़कर नौ के विदेश मंत्रियों से बातचीत कर चुके हैं।

## ओआईसी के देशों का भी दौरा

भारतीय प्रतिनिधिमंडल इस्लामिक देशों के संगठन ओआईसी यानी इस्लामिक सम्मेलन संगठन के भी कई देशों की यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री पहलगाम हमले के समय सऊदी अरब की यात्रा पर थे और वहां से बीच में उन्हें वापस आना पड़ा। सऊदी अरब पाकिस्तान का भी मित्र



देश है लेकिन उसने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ होने की बात कही थी। ओआईसी देश जम्मू कश्मीर पर बीच-बीच में भारत विरोधी प्रस्ताव पारित कर देते हैं। इस संगठन ने ऑपरेशन सिंदूर के विरुद्ध भी बयान जारी किया था। तो यह आवश्यक है कि उनसे भी संपर्क करके अपनी बात बताई जाए।

यह सोच ही निराधार है कि ऑपरेशन सिंदूर विषय पर अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में भारत का पक्ष कमजोर है इसलिए हमें प्रतिनिधिमंडल भेजना पड़ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बीच, उसके पहले तथा बाद में भी हमारी कूटनीति एक क्षण के लिए रुकी नहीं। संपूर्ण विश्व में विदेश मंत्री, विदेश सचिव, अन्य अधिकारी व स्वयं प्रधानमंत्री बातचीत करते रहे। विश्व के किसी प्रमुख देश ने भारत की कार्रवाई का न विरोध किया और न एक प्रतिकूल बयान दिया। विश्व के प्रमुख देशों का चरित्र है कि जब आतंकवादी हमले होंगे, वे इसके विरुद्ध बयान जारी करेंगे, साथ होने की भी घोषणा करेंगे किंतु जब आप साहस के साथ पराक्रम और पुरुषार्थ दिखाते हुए सीमा पार कर कार्रवाई करेंगे तो कोई सक्रिय साथ देने नहीं आएगा। कुछ देशों की छाती फटेगी और युद्ध रोकिए, युद्ध रोकिए की आवाज उठेगी। वही हुआ है। भारत का संकल्प अटूट है । प्रधानमंत्री ने स्वयं ऑपरेशन सिंदूर को अखंड प्रतिज्ञा कहा है।

भारत की घोषणा दो टूक है कि आतंकवादी कार्रवाई युद्ध मानी जाएगी, पाकिस्तान के साथ न व्यापार होगा, न बातचीत और उसने आतंकवाद नहीं रोका तथा सैन्य दुस्साहस किया तो हम इससे ज्यादा शक्ति से कार्रवाई करेंगे। पाकिस्तान इस्लाम या मजहब के नाम पर भी दुनिया में गलतफहमी न पैदा कर सके न कोई देश या वैश्विक संगठन आरोप लगाये कि भारत सभी को नजरअंदाज कर स्वयं ताकत यानी दादागिरी की तरह कार्रवाई कर रहा है। व्यापक प्रतिनिधिमंडल विश्व के विस्तृत क्षेत्रों में जाने का अर्थ ही है कि भारत भविष्य में आतंकवाद को जड़ मूल से नष्ट करने तक पाकिस्तान के विरुद्ध लंबी सतत कार्रवाई की तैयारी कर चुका है। इस यात्रा के उद्देश्यों को समझने की दृष्टि से कांग्रेस सांसद शशि थरूर द्वारा न्यूयॉर्क में दिए गए विस्तृत वक्तव्य के कुछ बातों का उल्लेख प्रासंगिक है। उदाहरण के लिए हम अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए अकेले रह सकते हैं लेकिन पाकिस्तान भारत के नियंत्रण वाले क्षेत्र को लेने की लालसा रखता है और चूंकि युद्ध से नहीं जीत सकता तो आतंकवाद के द्वारा कोशिश कर रहा है। इस तरह किसी को रत्ती भर भी संदेह नहीं होना चाहिए कि प्रतिनिधिमंडल भेजने के पीछे भारत की वर्तमान तथा भविष्य में होने वाली कार्रवाइयों के लिए व्यापक आधार बनाना है जिसमें पाकिस्तान को अलग-अलग करने की भी स्थिति पैदा हो। प्रधानमंत्री ने बीकानेर के भाषण में साफ रहा है कि आतंकवादी हमले हुए तो पाकिस्तान की सेवा और अर्थव्यवस्था को भी नुकसान उठाना पड़ेगा। भारत का उद्देश्य सभी देशों में कार्यपालिका व विधायिका के सदस्यों, बड़े थिंक टैंकों, प्रभावशाली विदेश नीति विशेषज्ञों, मीडिया, जनता और राजनीतिक विचारों के विभिन्न वर्गों से बात कर उनको सहमत कराने के लिए पूरी घटना के आगे-पीछे का विवरण और वैश्विक आतंकवाद की स्थिति से अवगत कराते हुए बताना है कि आतंकवाद विश्व की साझी समस्या है और मिलकर इससे लड़ना होगा।

## सीमा पर मूल समस्या बरकरार

आप न्यूयॉर्क में यह बोलते हैं तो लोगों की समझ में आता है। जिन देशों ने आतंकवादी हमले झेले, उनकी टीस कुरेदकर स्थिति से अवगत कराने की रणनीति है। अगर विश्व मान रहा है कि भारत पाकिस्तान की सीमा पर शांति है तो उसे यह भी याद दिलाना होगा कि मूल समस्या बनी हुई है। पाकिस्तान मजहब आधारित आतंकवाद के माध्यम से भारत को तोड़ना चाहता है।

# अपनी ताकत का एहसास कराए भारत



दो टूक

रवि शंकर

वरिष्ठ पत्रकार

भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए भारत का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश दौरे पर है। इस दौरे पर कई मुस्लिम देश भी शामिल हैं। यह कदम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद उठाया गया है। इस दौरे का मकसद आतंकवादी गतिविधियों और पाकिस्तान की नीतियों के विरुद्ध भारत की एकजुटता को प्रदर्शित करना भर ही नहीं, अपितु पाकिस्तान को वैश्विक राजनीति के पटल पर अलग-थलग करना और उसके समर्थकों को भी बेनकाब करना है। साथ ही दुनिया को यह बताना भी है कि पाकिस्तान की रीति-नीति और आतंकियों को समर्थन और संरक्षण न सिर्फ भारत के लिए, बल्कि दुनिया के लिए खतरा है। साथ ही, इन समूहों की 33 देशों की यात्रा का मकसद यह संदेश देना भी है कि भारत अब अपने राष्ट्रीय हितों से किसी प्रकार का समझौता या खिलवाड़ स्वीकार नहीं करेगा। मतलब साफ है, भारत के सामने चुनौती दुनिया को यह बताने की है कि चूंकि पाकिस्तान भारत केंद्रित आतंकवाद को संरक्षण एवं बढ़ावा देने में लगातार जुटा हुआ है, इसलिए आतंकवादी ठिकानों को खुद नष्ट करने के अलावा हमारे पास कोई और विकल्प नहीं था या है। साफ है,भारत का लक्ष्य न केवल पाकिस्तान को बेनकाब करना है, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहमति बनाना और अपनी कूटनीतिक स्थिति को मजबूत करना भी है। इन 33 देशों में से अधिकांश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी)के वर्तमान या भविष्य के सदस्य हैं, या फिर भारत के साथ उनके आर्थिक,रक्षा,और सांस्कृतिक संबंध हैं।

## आतंक का गढ़ है पाकिस्तान

उदाहरण के लिए,गुयाना में भारतीय समुदाय की महत्वपूर्ण उपस्थिति है और वह यूएनएससी का अस्थायी सदस्य भी है। इस तरह देखा जाए तो भारत ने इन 33 देशों का चयन इसलिए किया क्योंकि ये देश वैश्विक और क्षेत्रीय मंचों पर प्रभावशाली हैं और यूएनएससी के सदस्य हैं या भारत के रणनीतिक साझेदार हैं। पाकिस्तान आतंकवाद का अड्डा है,यह कोई नई सूचना नहीं है। दुनिया इस तथ्य से परिचित है कि गुजरे तीन-चार दशकों में दुनियाभर में हुए बहुत से आतंकवादी हमलों की साजिश पाकिस्तान में रची गई या पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों ने उन्हें अंजाम दिया। भारत के खिलाफ पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसियों ने नीतिगत रूप से आतंकवाद को प्रश्रय दिया है, जिसमें अक्सर वहां की सरकारों की सहमति भी रही है। यह जानकारी भी तमाम देशों के पास मौजूद है। इसके बावजूद अफसोजनक सूरत यह है कि विश्व के शक्तिशाली देश पाकिस्तान को हर तरह की मदद देते रहे हैं। उनमें चीन और अमेरिका उसे आधुनिक हथियार भी देते रहे हैं।

## रूस की तटस्थता ने चौंकाया

हाल के वर्षों में हथियार और एक हद तक कूटनीतिक समर्थन देने देने वाले देशों में रूस भी शामिल हो गया है। अमेरिका की जो भी नीति हो,



उसमें बाकी पश्चिमी देशों का सहज समर्थन रहता है। बदले विश्व समीकरणों के बीच पाकिस्तान और चीन के बीच सैन्य अंतर्संबंध और सहयोग तेजी से बढ़े हैं। उधर अपनी रणनीतिक जरूरतों के तहत पाकिस्तान के अमेरिका से सामरिक रिश्ते आज भी बने हुए हैं। इन समीकरणों का ही परिणाम है कि पहलगाम हमले के बावजूद, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पारित प्रस्ताव में पाकिस्तान या लश्कर-ए-तैयबा के नाम का उल्लेख नहीं हुआ। वहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान के लिए ऋण की अगली किस्त जारी की, जो बिना अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के समर्थन के नहीं हो सकता था। इस बीच चीन और तुर्किये जैसे देशों का खुला समर्थन पाकिस्तान के पक्ष में रहा,जबकि रूस तटस्थ बना रहा। उधर खाड़ी के धनी देश मध्यस्थता करने की कोशिश में जुटे रहे, ताकि लड़ाई सीमित रहे।

ये अहम सवाल है कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भारत का पक्ष मजबूती से रखने में कामयाब भी रहे, तो भू-राजनीतिक पहलुओं को कैसे प्रभावित किया जा सकेगा? अतः यह गंभीर आत्म-मंथन का विषय है कि नए बनते भू-राजनीतिक समीकरणों के बीच भारत क्यों अलग पड़ा दिख रहा है? यहां तक कि विकासशील दुनिया में, जिसे आज ग्लोबल साउथ कहा जाता है- भारत के लिए उस तरह का समर्थन और सहानुभूति क्यों नहीं देखने को मिली, जिसे अतीत में सुनिश्चित मानकर चला जाता था? क्यों? हमें नहीं भूलना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में अपनी क्षमता से आगे बढ़कर प्रदर्शन करने का भारत का गौरवशाली अतीत रहा है। हममें से कुछ लोगों के जेहन में हमारे उत्तर-पश्चिमी पड़ोसी के साथ एक और चर्चित टकराव की यादें अब भी ताजा होंगी।

वह 1971 का साल था। उस युद्ध में, भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने वाली किसी भी महाशक्ति की बात तो दूर, संयुक्त राज्य अमेरिका का रुख नई दिल्ली के प्रति पूरी तरह से वैर-भाव वाला था। इसने भारत को पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) को आजाद कराने से रोकने के लिए बंगाल की खाड़ी में एक खतरनाक नौसैनिक बेड़ा तक भेज दिया था। लेकिन मॉस्को के साथ भारत की मैत्री संधि सुनिश्चित कर रही थी कि सोवियत बेड़े ने अमेरिकियों का पीछा किया और उन्हें रोककर रखा। इतिहास गवाह है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन को किस साहस और दूरदर्शिता के साथ शिकस्त दी थी। भारत ने एक पेशेवर, संयम बरतने वाला युद्ध लड़ा, जिसमें पाकिस्तानी अवाम पर गर्मजोशी या नफरत भरी बयानबाजी के लिए कोई जगह नहीं थी। असल में भारत को अपने बारे में बताने की जरूरत है कि हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बड़ी कार्रवाई कर सकते हैं। अच्छा यह होगा कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया के देशों को बताए कि भारत परमाणु ब्लैकमेलिंग का शिकार नहीं होगा, भारत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार रोकने की धमकी में नहीं आएगा और भारत को इस बात की परवाह नहीं है कि चीन पाकिस्तान की संप्रभुता की रक्षा करने का दम भर रहा है। अगर भारत ऐसा करता है तो वह विश्व शक्ति वाली बात होगी।

## आतंकवाद मिटाने का हो रोडमैप

भारत बता रहा है तो ठीक है लेकिन उसके बाद उसका बरताव विश्व शक्ति वाला होना चाहिए। भारत दुनिया को बताए कि पाकिस्तान में आतंकवाद का ढांचा है, पाकिस्तान भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़े हुए है और भारत अब उसके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करेगा। यह बताने के बाद भारत बिना किसी की परवाह किए कार्रवाई करे और आतंकवाद का ढांचा खत्म करे। अगर यह रोडमैप नहीं है तो इतना बड़ा प्रतिनिधिमंडल दुनियाभर के देशों में घुमाने का कोई मतलब नहीं है।

## खबर संक्षेप

### लैंड फॉर जॉब में लालू की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व सीएम और आरजेडी के प्रमुख लालू प्रसाद यादव को लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने लालू की उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी।घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है। मामला रेल मंत्री के समय का है।

### 10 वर्षों में तेल-गैस खोज 76 फीसदी बढ़ीः पुरी



**नई दिल्ली।** भारत के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने बताया है कि देश के तलछटी बेसिन क्षेत में जितनी तेल और गैस की खोज हो रही है, उसका 76 प्रतिशत हिस्सा वर्ष 2014 के बाद सक्रिय खोज के दायरे में आया है। उन्होंने यह जानकारी सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट में दी। हमने जमीन को 10 प्रतिशत कर दिया है।

### राहुल की सावरकर मामले में याचिका रद



**पुणे।** यहां की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वह याचिका खारिज कर दी जिसमें उन्होंने सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर की मां की वंशावली से जुड़ी जानकारी मांगी थी। यह मामला वीडी सावरकर को लेकर राहुल गांधी द्वारा लंदन में दिए गए एक भाषण पर आधारित मानहानि की शिकायत से जुड़ा है।

### दुराचार में निर्देशक सनोज को जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक महिला से बलात्कार के आरोपी फिल्म निर्देशक सनोज कुमार मिश्रा को जमानत देते हुए कहा कि यह मामला यौन अपराधों की झूठी शिकायतें दर्ज कराने की हालिया प्रवृत्ति को दर्शाता है। कोर्ट ने कहा कि महिला ने सहमति से संबंध बनाए थे।

### हेट स्पीच में अब्बास अंसारी को 2 साल सजा



**आगरा।** बीते विधानसभा चुनाव के दौरान नफरती भाषण और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन के मामले मे फैसला शनिवार को हुआ। सीजेएम डॉ. केपी सिंह ने मामले में पक्षकारों की बहस सुनने के बाद फैसला के लिए 31 मई की तिथि नियत की थी। सुनवाई के बाद अदालत ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अब्बास को दोषी करार देते हुए 2साल की सजा सुनाई गई।

### अंतरिक्ष में 7 परीक्षणों को अंजाम देंगे शुक्ला

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के गगनयात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण से जुड़े प्रयोग करेंगे। 7 माइक्रोग्रैविटी प्रयोगों का चयन किया गया है। 8 जून को शुरू होने वाले इस मिशन में शुभांशु शुक्ला कई तरह के प्रयोग करने वाले हैं।

### राजीव ने उप्र के डीजीपी का कार्यभार संभाला

**लखनऊ।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी राजीव कृष्ण ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का कार्यभार संभाला। वह भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1991 बैच के अधिकारी हैं और प्रशांत कुमार की जगह ली।

---

पीएम ने 'लोकमाता देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन' में पाक को घेरा

# आतंकियों के जरिए छद्म युद्ध नहीं चलेगा अब गोली का जवाब गोले से देंगे: मोदी

हरिभूमि न्यूज/भाषा ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दो टूक कहा कि भारत अब आतंकवादियों के जरिए ''छद्म युद्ध'' कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी भी दी कि अब उन्हें (आतंकवादियों को) घर में घुसकर मारा जाएगा और अगर उधर से गोली चली तो जवाब गोले से दिया जाएगा। लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर यहां आयोजित 'महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन' में मोदी ने 'सिंदूर' को वीरता का प्रतीक करार दिया और पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' को देश के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे सफल आतंकवाद विरोधी अभियान बताया। प्रधानमंत्री ने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कह दिया है कि आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध नहीं चलेगा, अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा उसको भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। अब भारत का एक-एक नागरिक कह रहा है, 140 करोड़ देशवासियों की बुलंद आवाज कह रही है कि अगर तुम गोली चलाओगे, तो मानकर चलो कि गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा।'' इस महीने की शुरुआत में, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं।

- ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद मोदी पहली बार भोपाल पहुंचे
- हमारी सरकार अहिल्याबाई के 'नागरिक देवो भव' के मंत्र पर काम कर रही
- 300वीं जयंती पर एक स्मारक डाक टिकट और 300 रुपये का सिक्का भी जारी किया



### अहिल्याबाई होल्कर भारत की विरासत की संरक्षक थीं

" मोदी ने यह भी कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भारत की विरासत की संरक्षक थीं और उन्होंने देश के मंदिरों और तीर्थ स्थलों की रक्षा की जब उन पर हमला हो रहा था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 'नागरिक देवो भव' के मंत्र पर काम कर रही है जो अहिल्याबाई होलकर का दर्शन था।" अठारहवीं सदी के मालवा में होलकर राजवंश की रानी होल्कर को उनके असाधारण शासन, सामाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता और संस्कृति और आध्यात्मिकता के प्रति योगदान के लिए याद किया जाता है। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी 300वीं जयंती के अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और 300 रुपये का सिक्का जारी किया।

### सिंदूर हमारी परंपरा में नारी शक्ति का प्रतीक

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या किए जाने की घटना के दो सप्ताह बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैन्य हमले किए गए। मोदी ने कहा कि भारत संस्कृति और परंपराओं का देश है और सिंदूर हमारी परंपरा में नारी शक्ति का प्रतीक है। राम भक्ति में लीन हनुमान जी भी सिंदूर लगाते हैं। हम शक्ति पूजा में सिंदूर चढ़ाते हैं। यह सिंदूर वीरता का प्रतीक बन गया है।" सिंदूर हिंदू महिलाओं की वैवाहिक स्थिति का प्रतीक है और 22 अप्रैल को पहलगाम नरसंहार के बाद सैन्य ऑपरेशन के नाम के रूप में इसका इस्तेमाल जोरदार तरीके से हुआ। पहलगाम के हमले में, आतंकवादियों ने पुरुषों को निशाना बनाया और उनका धर्म पूछने के बाद उन्हें मार डाला। पहलगाम में आतंकियों ने सिर्फ भारतीयों का खून ही नहीं बहाया, उन्होंने हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया है, उन्होंने हमारे समाज को बांटने की कोशिश की है। सबसे बड़ी बात आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है।" जम्मू से लेकर पंजाब, राजस्थान और गुजरात की सीमा तक बड़ी संख्या में बीएसएफ की हमारी बेटियां मोर्चा संभाल रही थीं। उन्होंने सीमापार से होने वाली गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया।" ' प्रधानमंत्री ने कहा, ''नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पीछे यही भावना है।



### प्रधानमंत्री ने शुरू की मप्र की पहली मेट्रो रेल

*इंदौर। मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर ने शनिवार को लोक परिवहन के नये युग में प्रवेश किया, जब प्रधानमंत्री ने शहर में मेट्रो रेल सेवा की औपचारिक शुरुआत की। मोदी ने राजधानी भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये इंदौर में मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण के वाणिज्यिक परिचालन का आगाज किया। यह प्रदेश में शुरू होने वाली पहली मेट्रो रेल सेवा है। प्रधानमंत्री ने इंदौर के पूर्व होलकर राजवंश की शासक देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर केंद्रित ''महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन'' में कहा कि मध्यप्रदेश को आज पहली मेट्रो सुविधा मिली है। इंदौर, स्वच्छता के लिए दुनिया भर में अपनी पहचान पहले ही बना चुका है।*



---

राजस्थान में भाजपा अध्यक्ष बोले

## मोदी ने देश में राजनीति की संस्कृति को बदला



भाषा ▶▶ जयपुर

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में राजनीति की संस्कृति बदली और आज 'रिपोर्ट कार्ड' की राजनीति हो रही है। नड्डा यहां लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तीकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से देश की तस्वीर बदली है। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ लोगों का देश दौड़ लगाते हुए आगे बढ़ रहा है। इस बात को हम लोगों ने देखा है। यह बदलती हुई तस्वीर हम लोगों को देखने को मिल रही है। मोदी ने राजनीति की संस्कृति बदल दी है। नड्डा ने कहा कि पहले नेता आते थे एक दूसरे के दोषारोपण में समय गुजारते थे, लेकिन आज 'रिपोर्ट कार्ड' की राजनीति हो रही है। हम अगर आपके पास आते हैं तो या तो कोई योजना देकर जाते हैं, बटन दबाकर आपके खाते में कुछ देकर जाते हैं और आपका सशक्तीकरण करने का काम करते हैं, यह हमारे काम करने का तरीका है।

### नड्डा व सीएम शर्मा ने राज्यपाल से मिले

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को यहां राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से मुलाकात की। राजभवन के प्रवक्ता ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया। प्रवक्ता के अनुसार, शर्मा व नड्डा ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की।
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा जयपुर के एक दिवसीय दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने कई कार्यक्रमों में भाग लिया। नड्डा बाद में पार्टी की तिरंगा यात्रा में शामिल हुए तथा अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लिया। नड्डा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश में ''समग्र दृष्टिकोण'' के साथ नई स्वास्थ्य नीति लागू की गई है।

---

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड डैशबोर्ड पर दी जानकारी

## 24 घंटे में ही देशभर में सामने आए 685 नए मामले, चार की ले ली जान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोविड-19 के सामने आ रहे मामलों ने देश को एक बार फिर परेशानी में डाल दिया है। ऐसा लग रहा है कि कोरोना ने फिर रफ्तार पकड़ ली है। पिछले एक महीने से दुनियाभर में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले चिंता बढ़ाते जा रहे हैं। भारत में भी इसका जोखिम देखा जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड पर साझा की गई जानकारियों के अनुसार 22 मई को देश में कुल एक्टिव केस 257 थे जो 10 दिनों के भीतर ही अब बढ़कर 3,395 हो गए हैं। एक दिन के भीतर ही 685 नए सक्रिय मामले सामने आए हैं और 4 लोगों की मौत हुई है। केरल में मरीजों की संख्या बढ़कर1,336 हो गई है। महाराष्ट्र में सक्रिय मामले 467 जबकि दिल्ली में 375 हैं। इसी तरह देश के अन्य भागों में भी कोरोना के सामने दर्ज किए जा रहे हैं। कई राज्यों में तो एडवाइजरी भी जारी की गई है।

### राजधानी में 3 की गई जान

दिल्ली में कोरोना की रफ्तार तेजी से बढ़ती जा रही है। अब तक इस साल जनवरी से कोरोना तीन लोगों की जान ले चुका है। आज ही 71 वर्षीय व्यक्ति की मौत हुई है जो पहले से निमोनिया से ग्रस्त था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आंकड़ों के मुताबिक इस साल दिल्ली में कोरोना से यह पहली मौत हुई है। राजधानी में 56 नए मामले पिछले 24 घंटे में दर्ज किए गए हैं। दिल्ली में कोरोना के कुल 294 सक्रिय मामले हो गए हैं।

---

पंजाब में लुधियाना उपचुनाव

## भाजपा ने जीवन गुप्ता को पार्टी उम्मीदवार बनाया



**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब में 19 जून को होने वाले लुधियाना पश्चिम विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने शनिवार को पार्टी नेता जीवन गुप्ता को अपना उम्मीदवार घोषित किया। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा गुप्ता के नाम को मंजूरी दिए जाने के बाद यह घोषणा की गई। जीवन गुप्ता भाजपा की पंजाब इकाई के महासचिव हैं। लुधियाना पश्चिम सीट जनवरी में आम आदमी पार्टी विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी के निधन के बाद खाली हुई थी। मतगणना 23 जून को होगी। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने इस सीट से राज्यसभा सदस्य और उद्योगपति संजीव अरोड़ा को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु को उम्मीदवार बनाया है।

---

'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान उनकी भूमिका की प्रशंसा की

## सेना प्रमुख ने बीएसएफ की महिला अधिकारी को सम्मानित किया

भाषा ▶▶ जम्मू

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एक महिला अधिकारी को सम्मानित किया तथा 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान उनकी भूमिका के लिए अर्द्धसैन्य बल और पूर्व सैनिकों की प्रशंसा की।

थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) बृहस्पतिवार को दो दिवसीय दौरे पर जम्मू पहुंचे और गृह मंत्री शाह की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक में भाग लिया। दिल्ली लौटने से पहले सेना प्रमुख ने बीएसएफ की सहायक कमांडेंट नेहा भंडारी को सम्मानित किया।

### सजग और सतर्क रहने के महत्व पर दिया बल



### जनरल द्विवेदी ने टाइगर डिवीजन का दौरा किया

जनरल द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के परगवाल सेक्टर में परिचालन तैयारियों की समीक्षा की और टाइगर डिवीजन का दौरा किया। सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय ने शनिवार को 'एक्स' पर लिखा, ''उन्होंने उभरते सुरक्षा परिदृश्य के प्रति सजग और सतर्क रहने के महत्व पर बल दिया।

---

गृहमंत्री शाह के बंगाल दौरे से सियासत गरमाई

## आगामी चुनाव के लिए 'ऑपरेशन बंगाल' की रणनीति की चर्चा गरम

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 2 दिनी कोलकाता दौरे ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में हलचल मचा दी है। यह दौरा 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों की पृष्ठभूमि में बेहद अहम माना जा रहा है। शाह शनिवार को कोलकाता पहुंचे। रविवार को शाह सबसे पहले सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी की एक नई सुविधा का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे नेताजी इंडोर स्टेडियम में एक बड़े राजनीतिक रैली को संबोधित करेंगे। वे इस दौरान आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति का खाका पेश कर सकते हैं। इस दौरान बंगाल भाजपा के नए अध्यक्ष के चयन पर भी चर्चा संभव है। वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुकांत मजूमदार का कार्यकाल पहले ही बढ़ाया जा चुका है। राजनीतिक कार्यक्रमों के अलावा, अमित शाह स्वामी विवेकानंद के शिमला स्ट्रीट स्थित आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे।

सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी का उद्घाटन करेंगे



### टीएमसी ने बताया मौसमी नेता

शाह के दौरे को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। टीएमसी मंत्री शशि पांजा नेभाजपा नेताओं को मौसमी आगंतुक बताया और कहा कि वे बिना किसी वास्तविक जुड़ाव के बंगाल के मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा महिलाओं के मुद्दों को लेकर संवेदनशील नहीं है।

### यह चुनाव की दिशा तय करेगा: मजूमदार

इन आरोपों का जवाब देते हुए बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुकांत मजूमदार ने कहा कि अमित शाह का दौरा पार्टी के लिए 2026 की चुनावी दिशा तय करेगा। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए भाजपा की रणनीति को 'ऑपरेशन बंगाल' करार दिया और इसे बंगाल की महिलाओं के सम्मान की रक्षा का मिशन बताया। शाह पार्टी के मंडल अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे, जिससे जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूती मिलेगी।

---

सीजेआई गवई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में पार्किंग का किया उद्घाटन

## संकट के समय देश को एकजुट रखने का श्रेय संविधान को देना चाहिए

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि देश पर जब भी संकट आया उसने मजबूती और एकजुटता के साथ उसका सामना किया और इसका 'श्रेय संविधान को दिया जाना चाहिए।' इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 680 करोड़ की लागत से नवनिर्मित अधिवक्ता चैंबर भवन और मल्टी लेवल पार्किंग का उद्घाटन के बाद कार्यक्रम के सीजेआई ने कहा कि जब संविधान का अंतिम मसौदा संविधान सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया, उस समय कुछ लोग कहा करते थे कि संविधान जरूरत से अधिक संघीय है तो कुछ लोग कहते थे यह जरूरत से अधिक एकात्मक है।



### तीनों स्तंभों ने देश के लिए बड़ा योगदान दिया

उन्होंने कहा कि संविधान न तो पूर्ण संघीय है और न ही पूर्ण एकात्मक है। लेकिन हमने ऐसा संविधान दिया है जो भारत को शांति और युद्ध दोनों के समय एकजुट और मजबूत रखेगा। आज पड़ोसी देशों में क्या स्थिति है? भारत विकास की यात्रा पर है। जब कभी संकट आया, देश एकजुट और मजबूत रहा। इसका श्रेय संविधान को दिया जाना चाहिए। संविधान लागू होने की 75 वर्ष की यात्रा में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका ने सामाजिक और आर्थिक समानता लाने में बड़ा योगदान दिया है।

---

## बिहार: चुनाव को लेकर भाजपा ने नए पदाधिकारियों की घोषणा की

भाषा ▶▶ पटना

- नई सूची में एक दर्जन से अधिक उपाध्यक्ष शामिल

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव में महज चंद महीने पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के प्रमुख दिलीप जायसवाल ने शनिवार को पदाधिकारियों की नई सूची जारी की, जिसमें एक दर्जन से अधिक उपाध्यक्ष शामिल हैं।

राज्य इकाई के 13 उपाध्यक्षों में राज्यसभा सदस्य धर्मशील गुप्ता और विधान परिषद के सदस्य प्रमोद कुमार चंद्रवंशी शामिल हैं। धर्मशील गुप्ता वैश्य जाति से ताल्लुक रखते हैं जबकि चंद्रवंशी के चयन ने पार्टी की अति पिछड़ी जातियों तक पहुंच का संकेत दिया है। प्रदेश इकाई के उपाध्यक्षों में शामिल अन्य उल्लेखनीय चेहरों में पूर्व विधायक बेबी कुमारी (दलित), राजेंद्र सिंह (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक) शामिल हैं।

सिंह ने पांच वर्ष पूर्व हुए विधानसभा चुनाव से पहले लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए भाजपा का दामन छोड़ दिया था लेकिन 2022 में वह वापस पार्टी में आ गए।

---

चौहान ने राज्यों के विधायकों से किया वर्चुअल संवाद

## कृषकों को जानकारी देने के लिए अभियान उपयोगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने "विकसित कृषि संकल्प अभियान" के तहत शनिवार को विभिन्न राज्यों के विधायकों से वचुर्अल संवाद किया। उन्होंने कहा कि हमारा यह अभियान "विकसित कृषि संकल्प अभियान", एक सरकारी योजना नहीं बल्कि एक जन आंदोलन है।

इसका उद्देश्य 29 मई से 12 जून 2025 तक 1 करोड़ से अधिक किसानों से सीधा संवाद करना है। इसका शुभारंभ पुरी, ओडिशा से हुआ और अब यह पूरे देश में किसान जागरूकता की लहर बन चुका है।

### "विकसित कृषि संकल्प अभियान" के तहत 795000 किसानों को जोड़ा

चौहान ने बताया कि 2170 टीमों ने अभी तक 7368 गांवों में 4416 दौरे कर 795000 किसानों को इस अभियान से जोड़ दिया है। इस अभियान के तहत गठित की गई टीमें देश के सभी राज्यों में किसानों के साथ कृषि ज्ञान एवं विज्ञान को साझा करेंगी तथा विकसित कृषि के लक्ष्य को वास्तविकता में बदलने के लिए उन्हें प्रेरित करेंगी। ये टीमें गाँवों मे जाकर किसानों को जलवायु अनुकूल किस्मों का उपयोग, उर्वरकों का संतुलित उपयोग, मृदा में पोषक तत्वों की जानकारी एवं उनका संरक्षण तथा फसलों में लगने वाले रोग एवं उनके उपचार, कृषि में विविधिकरण को बढ़ावा देने वाली तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी देंगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान चुनौतियों को देखते हुए कृषि में विविधिकरण को बढ़ावा देने वाली तकनीकों प्राकृतिक खेती, कृषि में ड्रोन का उपयोग, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन इत्यादि, प्रमुख विषयों पर कृषकों को जानकारी देने के लिए यह अभियान बहुत उपयोगी साबित होगा। इस अभियान के तहत इन सभी विषयों पर किसानों के साथ चर्चा होगी और उनकी जिज्ञासाओं का उपयुक्त समाधान भी संबंधित विषय विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा। इस अभियान का त्वरित लाभ किसानों को आगामी खरीफ की फसलों पर होगा। श्री चौहान ने कहा कि सभी संबंधित हितधारकों के साथ मिलकर क्रियान्वित किया जाने वाला यह अभियान विकसित भारत के लिए चलाए जा रहे प्रयोगशाला से खेत तक कार्यक्रम में सार्थक योगदान देगा तथा उसको सशक्त बनाएगा। केंद्रीय कृषि मंत्री ने विधायकों से आग्रह करते हुए कहा है कि वे किसानों को प्रोत्साहित करें कि वे वैज्ञानिकों से संवाद करें व प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लें। हमारा उद्देश्य है कम लागत, अधिक उत्पादन, टिकाऊ खेती, और लाभकारी कृषि।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने फिर खुद की पीठ थपथपाई, कहा

# भारत-पाक में न्यूक्लियर वार हो सकता था हमने रोका, वहां के नेता समझदार, मान गए

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बार फिर से भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ाई रोकने का दावा किया। व्हाइट हाउस में अरबपति कारोबारी इयॉन मस्क के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान की लड़ाई न्यूक्लियर तबाही में बदल सकती थी। मैं भारत और पाकिस्तान के नेताओं का और अपनी टीम का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। हमने व्यापार की भी बात की और कहा कि हम उन देशों से व्यापार नहीं कर सकते जो एक-दूसरे पर गोली चला रहे हैं और जिनके बीच परमाणु युद्ध का खतरा हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि वहां के नेता समझदार हैं, उन्होंने हमारी बात मानी और लड़ाई रोक दी।



### रूस-यूक्रेन में युद्ध रोकने की कोशिश कर रहे

*ट्रंप ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की दोनों ही जिद्दी हैं। वे यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि वे यूक्रेन में रूसी बमबारी से निराश थे, जबकि वे युद्ध विराम की व्यवस्था करने का प्रयास कर रहे थे।*

### अमेरिकी रक्षा मंत्री बोले, अमेरिका चीन के 'आसन्न' खतरे के खिलाफ हिंद-प्रशांत सहयोगियों के साथ खड़ा रहेगा

**सिंगापुर (एपी)** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों से शनिवार को कहा कि उनका देश चीन की ओर से बढ़ते सैन्य और आर्थिक दबाव का सामना करने के लिए उन्हें अकेला नहीं छोड़ेगा लेकिन इन देशों को भी अपना रक्षा खर्च बढ़ाना चाहिए। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका देश के बाहर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा ताकि वह चीन की ओर से तेजी से बढ़ रहे खतरों, विशेष रूप से ताइवान के प्रति उसके आक्रामक रुख का मुकाबला कर सके। चीन ने यह परीक्षण करने के लिए कई (सैन्य) अभ्यास किए हैं कि स्वशासित द्वीप ताइवान की नाकाबंदी कैसी की जा सकती है। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है और अमेरिका ने इसकी रक्षा करने का संकल्प जताया है। सिंगापुर में सुरक्षा सम्मेलन में हेगसेथ ने कहा कि चीन की सेना "किसी बड़ी घटना की तैयारी के लिए अभ्यास कर रही है। हम चिकनी चुपड़ी बात नहीं करेंगे। चीन द्वारा उत्पन्न खतरा वास्तविक है और यह निकट भविष्य में सामने आ सकता है।" चीन अब ताइवान पर कब्जा करने के लिए न केवल अपने सैन्य बलों को मजबूत कर रहा है बल्कि वह "इसके लिए हर दिन सक्रिय रूप से प्रशिक्षण आयोजित भी कर रहा है।"

### 'डोनाल्ड भाई' ने संघर्ष विराम का दावा 11वीं बार किया, प्रधानमंत्री कब बोलेंगे: कांग्रेस

*नई दिल्ली। कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाने का दावा फिर किए जाने पर शनिवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि "डोनाल्ड भाई" ने 21 दिन में 11 बार यह बात की है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस पर कब जवाब देंगे। ट्रंप ने शुक्रवार को फिर कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम कराया क्योंकि यह संघर्ष परमाणु तबाही का रूप ले सकता था। बाद में शुक्रवार को ही उन्होंने दो बार और यही दावा किया। हालांकि भारत सरकार ने कहा है कि किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं हुई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "21 दिनों में यह 11वीं बार है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परम मित्र और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि पाकिस्तान के साथ युद्धविराम कैसे हुआ।*



# कोलंबिया ने पाकिस्तान के प्रति संवेदना व्यक्त करने वाला बयान वापस लिया: थरूर



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते लगभग आठ दशकों से अधिक समय से सीमा-पार से लगातार जारी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त न करने की नीति (जीरो टॉलरेंस) का सख्त संदेश भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के मार्फत पूरी दुनिया में न केवल तेजी से पहुंच रहा है। बल्कि अगर इस मामले में किसी को कोई गलतफहमी भी है। तो वो भी दूर हो रही है। ताजा उदाहरण कोलंबिया का है। जहां एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेता और पूर्व विदेश राज्य मंत्री शशि थरूर द्वारा भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को लेकर बने हुए दक्षिण अमेरिकी देश के रुख को लेकर जताई गई नाराजगी के बाद कोलंबिया की सरकार ने अपने पुराने विवादित बयान को आधिकारिक रूप से वापस ले लिया है। जिसमें उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई 2025 को भारत की सशस्त्र सेनाओं द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के कुल 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए की गई सटीक कार्रवाई में मारे गए आतंकवादियों और जानमाल की बाकी नुकसान को लेकर पाक के समक्ष संवेदनाएं प्रकट की थीं।

### प्रतिनिधिमंडल ने मजबूती से रखा अपना पक्ष

हमारे प्रतिनिधिमंडल ने अपनी बातचीत में उनके सामने आतंकवाद के मामले पर की गई कार्रवाई और भारत के मौजूदा पक्ष को मजबूती के साथ रखा। हमने उन्हें बताया कि हमें महात्मा गांधी की भूमि से होने पर गर्व है। वह हमारे राष्ट्रपिता हैं और उन्होंने हमें अहिंसा और शांति का महत्व सिखाया, भारत के स्वाधीनता संग्राम का नेतृत्व किया। यह गांधी जी ही थे जिन्होंने हमें अपनी आजादी की रक्षा करने और भयमुक्त रहने का महत्व सिखाया।

### कोलंबियाई उप विदेश मंत्री ने दिया बयान

कोलंबिया की उप-विदेश मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेनियो ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद भरोसा जताते हुए कहा कि कोलंबिया अब आतंकवाद पर भारत की स्थिति को अच्छी तरह से समझता है। गलतफहमी दूर हो गई है। हमें पूरा विश्वास है कि आज हमें जो स्पष्टीकरण मिला है।

## पाक इंटेलिजेंस कनेक्शन: 8 राज्यों में 15 ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी

नई दिल्ली। पाकिस्तान से जुड़े जासूसी मामले में एनआईए यानी राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने देश के 8 राज्यों में फैले 15 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। ये छापेमारी दिल्ली, हरियाणा, मुंबई (महाराष्ट्र) उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, असम और पश्चिम बंगाल में की गई। जिन लोगों के यहां रेड की गई, उनका संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी यानी पाक इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्स से बताया जा रहा है। सीआरपीएफ के एएसआई मोतीराम जाट जिसे हाल में एनआईए ने गिरफ्तार किया था जासूसी मामले में, एनआईए ने उसी केस में छापेमारी की है। मोतीराम जाट को 20 मई को एनआईए ने गिरफ्तार किया था। मोतीराम जाट पहलगाम हमले से पहले वहीं पोस्टेड था। हमले से पांच दिन पहले एएसआई मोतीराम जाट का पहलगाम से ट्रांसफर किया गया था। हालांकि, मोतीराम की पहलगाम हमले में भूमिका अभी तक सामने नहीं आई है। एनआईए के डीजी ने बताया है कि अभी तक की जांच में इसका पहलगाम हमले से कोई कनेक्शन सामने नहीं आया है। छापेमारी में एनआईए की टीमों ने कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज, संदिग्ध दस्तावेज और कुछ अहम फाइनेंशियल पेपर्स भी जब्त किए हैं। ये सब अब जांच के लिए एनालाइज किए जा रहे हैं, ताकि इस पूरे जासूसी नेटवर्क की परतें खोली जा सकें। एनआईए की जांच में सामने आया है कि जिन लोगों के यहां रेड की गई, उनका सीधा कनेक्शन पाकिस्तान में बैठे ऑपरेटिव्स से था। ये लोग जासूसी के लिए फाइनेंशियल चैनल के तौर पर काम कर रहे थे। पैसे के बदले में भारत से जुड़ी संवेदनशील जानकारी पाक को भेज रहे थे।



अहम फाइनेंशियल पेपर्स भी जब्त किए

## अगली पीढ़ी की रक्षा प्रौद्योगिकियों का सफल परीक्षण करने में जुटी सेना

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच भारतीय सेना देश के विभिन्न इलाकों में अगली पीढ़ी की रक्षा प्रौद्योगिकियों का बड़े पैमाने पर परीक्षण कर रही है। यह सभी क्षेत्र आधारित परीक्षण हैं। जो लगभग युद्ध होने जैसी परिस्थितियों यानी कृत्रिम युद्ध की स्थितियों के तहत आयोजित किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षणों के दौरान अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों के प्रदर्शन का बारीकी से आकलन करने के उद्देश्य से इलेक्ट्रॉनिक रूप से कृत्रिम युद्ध कौशल की जानकारी को एकीकृत किया जा रहा है। वर्तमान में ये परीक्षण राजस्थान की पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज, मध्य प्रदेश की बबीना फायरिंग रेंज, उत्तराखंड के जोशीमठ से लेकर उत्तर प्रदेश के आगरा और ओडिशा के गोपालपुर में जारी हैं। बीते 27 मई को सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बबीना फील्ड फायरिंग रेंज का दौरा किया था। उन्होंने वहां चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की और तमाम हितधारकों के साथ बातचीत की। रक्षा प्रौद्योगिकियों के इन मूल्यांकनों के जरिए भारतीय सेना का लक्ष्य अपनी तकनीकी बढ़त को विस्तार देना, रक्षा क्षमता विकास में स्वदेशी नवाचार और आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी वचनबद्धता की पुष्टि करना है। इन गतिविधियों में आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत विकसित उन्नत प्रौद्योगिकियों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई है। जिसका उद्देश्य स्वदेशी क्षमता के विकास में तेजी लाना है। साथ ही ये परीक्षण सेना के परिवर्तन के दशक के रोडमैप में एक अहम कदम है और इनकी मदद से उभरती हुई युद्ध परिस्थितियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकियों का तेजी से समावेशन सुनिश्चित किया जाना है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद अहम कवायद

## बीएलए के लड़ाकों ने सुराब शहर पर किया हमला, बैंक भी लूटा



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान से आजादी मांग रही बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बलूचिस्तान के सुराब शहर पर हमला किया। हमले में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने यह जानकारी देते हुए कहा कि बीएलए के लड़ाकों ने एक वाणिज्यिक बैंक को लूट लिया। साथ ही कई अफसरों के घर में आग लगा दी। बीएलए ने दावा किया है कि उसने सुराब शहर पर कब्जा कर लिया। उन्होंने एक बैंक, लेवी स्टेशन और पुलिस स्टेशन पर कब्जे का दावा किया। क्वेटा-कराची और सुराब -गिदर राजमार्ग पर गश्त की जा रही है। हमलावरों ने अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) हिदायत बुलेदी के घर पर हमला किया। इसमें हिदायत बुलेदी की मौत हो गई। घटना के बाद फ्रंटियर कोर, पुलिस और लेवी सहित सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। क्वेटा के कमिश्नर हमजा शफकत ने भी डिप्टी कमिश्नर बुलेदी की मौत की पुष्टि की। अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में स्थित बहराम चह, जो पाकिस्तान के चगई जिले से सटा एक सीमावर्ती कस्बा है, फिर सशस्त्र संघर्ष का केंद्र बन गया है।

पाक में बलूच आजादी की मांग तेज

## बंगाल में साली का कटा सिर लेकर घूमा व्यक्ति, गिरफ्तार

**परगना।** आरोपी शख्स शनिवार सुबह साली का कटा सिर लेकर इलाके में घूमते दिखा। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में एक व्यक्ति अपनी साली का कटा हुआ सिर लेकर इलाके में घूमते दिखा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में आरोपी के दाएं हाथ में एक धारदार हथियार और बाएं हाथ में कटा हुआ सिर दिख रहा है। वह एक मंदिर के सामने जयकारा भी लगता है। आरोपी का शुक्रवार रात को साली से झगड़ा हुआ। गुस्से में आकर उसने धारदार दरांती से साली का सिर धड़ से अलग कर दिया। पुलिस के कहा कि हम घटना की जांच कर रहे हैं।

### भारतीय तटरक्षक बल ने अस्वस्थ कैप्टन को समुद्र में विदेशी जहाज से सुरक्षित निकाला

नई दिल्ली(भाषा)। भारतीय तटरक्षक बल ने मध्य रात्रि में मानवीय सहायता प्रदान करते हुए समुद्र में बहामास के ध्वज वाले एक जहाज से अस्वस्थ कैप्टन को सुरक्षित रूप से निकाला। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कुछ तस्वीरें साझा करते हुए यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि आधी रात को बचाव अभियान में भारतीय तटरक्षक बल स्टेशन (काकीनाडा) ने एक जीवन रक्षक चिकित्सा निकासी अभियान का समन्वय किया। आईसीजीएस 430 ने 30 मई 2025 को रात में एक बजकर 10 मिनट पर बहामास के ध्वज वाले जहाज से अस्वस्थ कैप्टन को सुरक्षित रूप से निकाला, जिन्हें दिल का दौरा पड़ा था। मरीज को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

## सरकार ने घटाई रक्षा खरीद की समय सीमा, इससे 69 हफ्तों का समय बचेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने रक्षा खरीद की समयसीमा को काफी कम किया है, जिससे सैन्य उपकरणों की खरीद में अच्छा खासा समय बचेगा। रक्षा सचिव ने बताया कि रक्षा खरीद में व्यापक सुधारों और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के उद्देश्य से ये सुधार किए गए हैं। राजधानी दिल्ली में एक रक्षा सम्मेलन में बोलते हुए रक्षा सचिव ने कहा कि इस पूरे सुधार से रक्षा खरीद की प्रक्रिया में 69 सप्ताह का समय बचेगा। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को साल 2047 में 32 खरब डॉलर बनाने के लिए भी रणनीतिक स्वायत्ता के लिए आत्मनिर्भरता जरूरी है। उन्होंने कहा कि बीते दशक में रक्षा क्षेत्र में शुरू हुए स्वदेशीकरण के चलते साल 2015 में जहां भारत हथियारों का सबसे बड़ा आयातक था, तो आज हमारा देश शीर्ष 25 निर्यातकों में शामिल हो गया है। 100 से ज्यादा भारतीय कंपनियां 100 से ज्यादा देशों को सैन्य उपकरण निर्यात कर रही हैं। सैन्य उपकरणों में ब्रह्मोस मिसाइल, रॉकेट लॉन्चर पिनाका, सिमुलेटर आर्मर्ड व्हीकल आदि शामिल हैं। सिंह ने कहा कि बीते साल हमने 23,622 करोड़ रुपये के हथियार निर्यात किए।



भारत विश्व के शीर्ष 25 हथियार निर्यातकों में शामिल हुआ





Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. *Ex-showroom prices of HF Deluxe Self Start and Super Splendor XTEC Drum Brake are applicable in Gurugram. *Terms & Conditions apply.

**Authorised Dealers: Ambala Cantt:** Haryana Motors, 9289923122; **Ambala City:** Dhruv Hero, 9289922868; **Assandh:** Sandhu Hero, 9289922815; **Bahadurgarh:** Satvik Hero, 9289922550; **Bhiwani:** Jaya Hero, 9289922056; **Ellenabad:** Ajit Hero, 9289922505; **Fatehabad:** Shri Balaji Hero, 9289922057; **Gharaunda:** Laxmi Hero, 9289922433; **Gohana:** Krishna Hero, 9289923026; **Hisar:** Chaudhary Hero, 9289922049, Vikrant Hero, 9289923082; **Jhajjar:** Pushkar Hero, 9289923147; **Jagadhari:** Khanna Hero, 9289922050; **Jind:** National Hero, 9289922061; **Kaithal:** Chaudhary Hero, 9289922062; **Karnal:** Nirmal Hero, 9289922048; **Kurukshetra:** VPS Hero, 9289922988; **Ladwa:** Khanna Hero, 9289922063; **Mandi Dabwali:** Karan Hero, 9289922490; **Nuh:** Sunil Hero, 9289923087; **Narnaul:** Autodeals Hero, 9289922058; **Narwana:** Narwana Hero, 9289923101; **Palwal:** DevVaahan Hero, 9289922877; **Panchkula:** Regent Hero, 9289923161; **Panipat:** Kadian Hero, 9289923182, Sahib Hero, 9289922059; **Pehowa:** Saraswati Hero, 9289922393; **Rewari:** Virendra Hero, 9289922060; **Rohtak:** Shivam Hero, 9289922047; **Sirsa:** Khanna Hero, 9289923195; **Sonipat:** Sidak Hero, 9289922865; **Yamuna Nagar:** Rohit Hero, 9289922394; **Faridabad:** Sehgal Hero, 9289922419, Sehgal Hero, NIT, 9289207333, **Gurgaon:** Himgiri Hero, 9289923046, Autoneeds Hero, 9289922051, Jasodha Hero, 9289922495, Sharma Hero, Basai Road, Sector 11, 9289923221, **Hansi:** Sunil Motors, 9821744694.

L&K | SAATCHI & SAATCHI